▪ भाद्रपद कृष्ण - 7 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 34 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 26-08-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 यूपीएस में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है : कांग्रेस

6 साइबर ठगी का नया पैंतरा डिजिटल अरेस्ट

7 ट्रोलिंग के बाद आयशा टाकिया ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट

## फर्स्ट टेक

### ओडिशा में बर्ड फ्लू का प्रकोप

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में पुरी जिले के पिपिली क्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू के एच5एन1 स्वरूप का पता चलने के बाद 5,000 से अधिक मुर्गियों को मार दिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिपिली में एक पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों की सामूहिक मौत के बाद राज्य सरकार ने एक पशु चिकित्सा टीम भेजी थी जिसने नमूने एकत्र किए और उन्हें परीक्षण के लिए भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि नमूनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सरकार ने शनिवार को फार्म और इलाके में मुर्गियों को मारना शुरू कर दिया। रोग नियंत्रण मामलों के अतिरिक्त निदेशक जगन्नाथ नंदा ने बताया कि शनिवार को 300 मुर्गियां मारी गईं, जबकि रविवार को 4,700 से अधिक मुर्गियां मारी गईं। उन्होंने कहा कि पिपिली में कुल 20,000 पक्षियों को मारा जाएगा।

### पुणे में आपत्तिजनक नारे लगाने को लेकर 300 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** पुलिस ने पुणे जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एक प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर आपत्तिजनक नारे लगाए जाने के बाद करीब 300 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि धार्मिक नेता रामगिरि महाराज द्वारा इस्लाम के खिलाफ हाल में की गयी कथित टिप्पणियों के विरोध में शुक्रवार को एक 'सर्वधर्म समभाव महामोर्चा' आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के दौरान कथित आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। पुलिस के अनुसार, मोर्चा बिना अनुमति के आयोजित किया गया और नारों से समुदायों के बीच साम्प्रदायिक तनाव और शत्रुता पैदा हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''मोर्चा में भाग लेने वाले 200-300 लोगों के खिलाफ बंडगार्डन पुलिस थाने में एक अपराध दर्ज किया गया है।''

### पाकिस्तान में दो अलग-अलग बस दुर्घटनाओं में 40 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/कराची/भाषा।** पाकिस्तान में रविवार को हुई दो अलग-अलग बस दुर्घटनाओं में 11 शिया जायरीन सहित कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान में पहली दुर्घटना उस वक्त हुई, जब इराक से 70 शिया जायरीन को लेकर आ रही बस बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तटीय राजमार्ग पर पलट गई और एक खड्ड में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 जायरीन जख्मी हो गए। यह बस ईरान के रास्ते इराक से आ रही थी।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 26-08-2024 | 27-08-2024 |
| 6:34 बजे | 6:08 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,086.21 | 24,823.15 |
| (+33.02) | (+11.65) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,374 रु. | 85,767 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**दोषी कौन ?**

घोषित अयोग्य जन प्रतिनिधि यदि,
दोषी जनमत या दल सुजान।
आखिर कब होगा सदनों में,
सच्ची शुचिता का प्रावधान।
कानून खिलौना है सबका,
इसलिए खिलंदड़ सब बयान।
हरदम क्यों दिखता लुंजपुंज,
डेमोक्रेसी में संविधान।।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप, दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जलगांव (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को ''अक्षम्य पाप'' करार दिया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

मोदी की यह कड़ी टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या तथा मुंबई के पास बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद आई है।

उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों और बेटियों का दर्द और गुस्सा समझता हूं।''

मोदी ने कहा कि वह हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहेंगे कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मददगारों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। चाहे अस्पताल हो, स्कूल हो, सरकार हो या पुलिस थाना हो, जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई हो, सभी को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''संदेश ऊपर से नीचे तक जाना चाहिए। यह पाप अक्षम्य है।



## मोदी ने 11 लाख नई लखपति दीदियों को किया सम्मानित

**जलगांव/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में हाल ही में लखपति दीदी बनीं 11 लाख महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिए और सम्मानित किया। उन्होंने देश भर की लखपति दीदियों से बातचीत भी की। मोदी ने लखपति दीदी की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब भारत विकसित बनने का प्रयास कर रहा है, हमारी महिला शक्ति एक बार फिर आगे आ रही हैं। मोदी ने कहा कि भारत की महिला शक्ति ने हमेशा समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लखपति दीदी अभियान सिर्फ माताओं और बहनों की आय बढ़ाने का एक तरीका नहीं है, बल्कि परिवार और भावी पीढ़ियों को मजबूत करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदल रहा है।



## न्याय को सरल एवं स्पष्ट बनाने की हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : मोदी

**जोधपुर/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्याय को सरल एवं स्पष्ट बनाने के लिए सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा है कि राष्ट्रीय एकता न्याय व्यवस्था का नींव का पत्थर है और यह जितना मजबूत होगा, हमारे देश की व्यवस्थाएं उतनी ही मजबूत होगी। मोदी रविवार को यहां उच्च न्यायालय जोधपुर के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय हमेशा सरल और स्पष्ट होता है लेकिन कई बार प्रक्रियाएं इसे मुश्किल बना देती है। उन्होंने कहा कि हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि न्याय को ज्यादा से ज्यादा सरल एवं स्पष्ट बनाये।

उन्होंने कहा कि उन्हें संतोष है कि देश में इस दिशा में कई ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम उठाये गये हैं और पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को रद्द किया गया हैं और आजादी के इतने दशक बाद गुलामी की मानसिकता से उबरते हुए इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता को अपनाया है। श्री मोदी ने कहा कि दंड की जगह न्याय, यह भारतीय चिंतन का आधार भी है। भारतीय न्याय संहिता इस मानवीय चिंतन को आगे बढाती है। भारतीय न्याय संहिता हमारे लोकतंत्र को कोलोनियल माइंडसेट से आजाद करती है। उन्होंने कहा कि न्याय संहिता की यह मूलभावना ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बने, ये दायित्व अब हम सभी के सामने है।

# देश में जाति जनगणना कराई जाए : चिराग पासवान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/एजेन्सी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने देश में जाति जनगणना कराये जाने पर बल देते हुए कहा कि इससे योजना बनाने में केंद्र और राज्य सरकार को सहूलियत होगी।



पासवान ने आज यहां कहा कि केंद्र, राज्य के स्तर से कमजोर, वंचित वर्ग के लाभ के लिए योजनाएं बनायी जाती है। उनकी पार्टी चाहती है कि देश में जातीय जनगणना हो। इससे सरकार के पास वंचितों, कमजोरों के वास्तविक आंकड़े सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि आंकड़े सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है लेकिन सरकार के पास इसके आंकड़े होने चाहिए।

पासवान ने कहा कि झारखंड में पार्टी चुनाव लड़ेगी और इसका फैसला जल्द हो जाएगा कि वह एनडीए गठबंधन के साथ लड़ेंगी या अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी संगठन जिलों में खड़ा किया जा चुका है।

## वोट बैंक खोने के डर से विपक्ष बांग्लादेश पर चुप : आदित्यनाथ

**मथुरा (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष पर आरोप लगाया कि उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं की दुर्दशा से ज्यादा अपने वोट बैंक की चिंता है। मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मथुरा की सांसद एवं बॉलीवुड कलाकार हेमामालिनी द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका 'यशोदा कृष्ण' के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला किया। उन्होंने तंज करते हुए कहा, जिन्हें दुनिया की हर घटना दिखाई देती है। फलस्तीन दिखाई देता है मगर पड़ोसी देश में हिन्दुओं पर हो रहा अत्याचार नहीं दिखाई दे रहा। वहां हिन्दू मंदिर तोड़े जा रहे हैं । इसीलिए हम सबको वर्तमान की चुनौतियों को देखना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने संतों और आध्यात्मिक नेताओं से वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए समाज को एकजुट करने का आग्रह किया, तथा चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार का विभाजन सनातन धर्म और राष्ट्र दोनों को अस्थिर कर सकता है।



### श्री कृष्ण जन्माष्टमी



बेंगलूरु में रविवार को बेंगलूरु के एमजी रोड स्थित रंगस्थला ऑडिटोरियम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर राधा और कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे।



## इंडोनेशिया में अचानक आई बाढ़ में कई इमारतें ध्वस्त

**टर्नेट द्वीप/एपी।** इंडोनेशिया के पूर्वी टर्नेट द्वीप पर मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में रविवार को कई इमारतें ध्वस्त होने से 13 लोगों की मौत हो गई। खोज और बचाव दल ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शवों को बरामद करने और लापता लोगों की तलाश करने का काम शुरू किया। अचानक आई बाढ़ के कारण रिहायशी इलाके की दर्जनों इमारतें ध्वस्त होकर कीचड़ में दब गईं। मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी का कहना है कि आने वाले दिनों में टर्नेट शहर और उसके आसपास के इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका है। स्थानीय अधिकारियों ने निवासियों को सतर्क रहने और बाढ़ की स्थिति में निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

# नशीले पदार्थों के नेटवर्क को खत्म करने की जरूरत : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/रायपुर/एजेन्सी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है और पूरे नशीले पदार्थों के नेटवर्क को 'ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर दृष्टिकोण' के साथ खत्म करने की जरूरत है।

शाह ने कहा कि अवैध नशीली दवाओं के व्यापार से कमाया गया पैसा आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है और नशीली दवाएं न केवल देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करती हैं बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को भी कमजोर करती हैं।




गृह मंत्री रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल यूनिट कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नारकोटिक्स परिदृश्य पर एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अपने संबोधन में श्री शाह ने कहा कि 2047 तक नशा मुक्त भारत का सरकार का संकल्प, आज देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प बन रहा है।

श्री शाह ने कहा,जब तक हम पूरे नेटवर्क पर हमला नहीं करेंगे, हम नशा मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे जो एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'ड्रग्स' सिर्फ भारत की समस्या नहीं है बल्कि एक वैश्विक खतरा है, उन्होंने रेखांकित किया कि, अगर हम भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई तीव्रता, गंभीरता और व्यापक रणनीति के साथ लड़ते हैं, तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं।

# रूस ने यूक्रेन में किया होटल पर हमला

**कीव/एपी।** रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में यूक्रेन की गोलाबारी में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में एक होटल को निशाना बनाया जिससे दो लोग घायल हो गए और एक पत्रकार को लापता बताया जा रहा है। रूस के क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी सीमा से 38 किलोमीटर दूर रूस के रकीटोन गांव में 12 अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें 16 वर्षीय एक लड़की की हालत गंभीर बताई जाती है।

यूक्रेन के क्षेत्रीय गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के क्रामाटोरस्क शहर में रात में एक होटल पर हमला किया, जिसमें दो लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति मलबे में फंस गया।

# इजराइल और हिजबुल्ला ने एक दूसरे पर किए हवाई हमले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**यरूशलम/एपी।** इजराइली सेना ने शिया मिलिशिया हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर रविवार तड़के लेबनान में हवाई हमले किए जिसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किए जाने की घोषणा की।

इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने ''घरेलू मोर्चे पर विशेष स्थिति'' की घोषणा की।

इन हमलों के कारण क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है और इससे गाजा में युद्ध विराम समझौते के प्रयास विफल हो सकते हैं जहां फलस्तीनी समूह हमास के खिलाफ इजराइल का पिछले करीब 10 महीने से युद्ध जारी है।



रविवार को दिन में ऐसा प्रतीत हुआ कि दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी बंद हो गई है और दोनों पक्षों ने अपने हमलों को सैन्य ठिकानों तक सीमित कर दिया लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हमलों में जान-माल का कितना नुकसान हुआ है।

इजराइली सेना ने एक बयान जारी कर कहा कि हिजबुल्ला ''इजराइली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी कर'' रहा है।

इसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने रविवार सुबह घोषणा की कि उसने बेरूत में उसके शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या का बदला लेने के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किया है।

# भारत, अमेरिका साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाशिंगटन/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका में पनडुब्बियों और अन्य नौसैनिक हथियारों के परीक्षण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से सबसे उन्नत इकाइयों में से एक का दौरा किया है। यह दौरा ऐसे समय में हुआ, जब भारत में स्वदेशी रूप से विकसित इसी तरह की सुविधा की स्थापना का प्रस्ताव है।

सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं। सिंह ने अपनी अमेरिका यात्रा के तहत टेनेसी के मेम्फिस में नौसेना सतही युद्धक केंद्र (एनएसडब्लूसी) में 'विलियम बी मॉर्गन लार्ज कैविटेशन चैनल' (एलसीसी) का दौरा किया। इस दौरान, सिंह को इसके संचालन के बारे में जानकारी दी गई।



इससे पहले, सिंह ने मैरीलैंड के कार्डेरॉक स्थित नौसेना सतही युद्धक केंद्र का भी दौरा किया।

रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध सामग्री केंद्र का दौरा किया और इस केंद्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयोगों को देखा।'' उन्होंने कहा, ''भारत और अमेरिका मिलकर काम करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं।''

इससे पहले, सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की।

ऑस्टिन ने सिंह के साथ बैठक के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों की प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने विभिन्न रक्षा मुद्दों पर दोनों देशों के बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें उनकी सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास भी शामिल हैं। ऑस्टिन ने कहा, ''हम एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दृष्टिकोण साझा करते हैं और हमारा रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। हम अपने रक्षा औद्योगिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं तथा अन्य क्षमताओं का सह-उत्पादन करने एवं आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने पर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने सभी क्षेत्रों में परिचालन सहयोग बढ़ाया है और उन्होंने 'रिम ऑफ द पेसिफिक' में भारत की भागीदारी पर प्रकाश डाला।



# किसी के गुणों को आत्मसात करने से ही कल्याण संभव : साध्वीश्री विजयप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थानक भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री विजयप्रभाजी ने अपने प्रवचन में श्रावक के इक्कीस गुणों के तहत 11 वें गुण गुणानुवाद के बारे मे कहा कि इसी से ही जीवन प्रकाशमान होता है एवं इसी गुण से व्यक्ति के जीवन मे धर्म भावना जागृत होती है।

किसी के गुणों को आत्मसात करना ही गुणानुवाद कहलाता है, गुणानुवाद करने वाला व्यक्ति राजहंस की तरह होता है जो दूध और पानी में से सिर्फ दूध को ही ग्रहण कर लेता है,उसी प्रकार गुणवान व्यक्ति भी अवगुणों को छोड़कर सिर्फ गुण ग्रहण करते हैं। साध्वी सुयशाजी ने कहा कि जंगल में जैसे हिरण हर पल अपना शिकार हो जाने से डरा हुआ रहता है, उसी तरह मनुष्य भी जीवन मे हर पल किसी न किसी बात से डरा रहता है, हमारी आदत है कि हम कमजोर को और अधिक कमजोर करने का कार्य करते हैं। साध्वीश्री ने कहा कि हमें हर अच्छी चीज़ को प्रधानता देनी चाहिए एवं कमजोर को सहारा देना चाहिए। व्यक्ति को जीवन में बुद्धि नहीं ब्लकि सद्बुद्धि रखकर कार्य करना चाहिए। जैसे भोजन में नमक का महत्व होता है वैसे ही जीवन में सद्बुद्धि का स्थान होता है। सद्बुद्धि के लिए पाँच भावों का महत्वपूर्ण स्थान होता है, पहला सरलभाव, दूसरा समता से स्वीकार करना, तीसरा संयम भाव, चौथा संतोष भाव और पांचवां समर्पण भाव।

मंत्री कन्हैयालाल सुराणा ने बताया कि चातुर्मास प्रारंभ से ही आयंबिल व तेले तप की श्रृंखला गतिमान है, इस मौके पर सभी तपस्वियों का सम्मान किया गया। युवा संघ अध्यक्ष शंकर लाल दक ने बताया कि जन्माष्टमी पर बच्चों के लिए बाल कृष्ण के रूप में ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई है।



# बसवनगुड़ी में विभिन्न धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं का रजत जयंती समारोह मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में मुनिश्री मलयप्रभसागरजी व साध्वी स्वर्णांजनाश्रीजी की निश्रा में आराधना भवन, धार्मिक पाठशाला, जिनदत्तकुशलसूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल, सामायिक मंडल के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रत्नत्रयी महोत्सव का समापन रविवार को हुआ। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों द्वारा 'स्वार्थी दुनिया नृत्य नाटिका' का मंचन किया गया और बच्चों द्वारा नृत्यों की प्रस्तृतियां दी गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी ने सभी संस्थाओं को रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं दी। साध्वी हेमप्रभाश्रीजी की प्रेरणा से स्थापित पाठशाला में अरविन्द कोठारी के संयोजकत्व में 300 से अधिक अभ्यासक धार्मिक पढ़ाई कर रहे है। आराधना भवन के लाभार्थी छगनराज तलाजी परिवार का, पाठशाला के लाभार्थी संघवी राजेशकुमार, प्रवीणकुमार पालरेचा परिवार व पंडित रोहित एम शाह का ट्रस्ट मंडल की ओर से सम्मान किया गया।

महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने सभी को धन्यवाद दिया। संयोजक अरविन्द कोठारी ने सभी संस्थाओं की गतिविधियों को विस्तार से बताया। ललित डाकलिया ने बताया कि इस मौके पर जैन सेवा एवं संगीत मंडल के सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली। इस अवसर पर ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल भंसाली, उपाध्यक्ष तनसुखराज गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष रंजीत ललवानी, सहमंत्री धर्मेंद्र सकलेचा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सहयोग व सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के विजय संभव फाउंडेशन ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय टिंडलू सर्जापुर में स्टेशनरी कीट और एकोफ्रेंडली बैग वितरित किए। शनिवार को बेलेनस चैंपियन हॉस्पिटल सरजापुर और आलोका विजन प्रोग्राम के संयुक्त सहयोग से विद्यालय में विद्यार्थियों का निशुल्क नेत्र परीक्षण और रक्त परीक्षण किया गया। फाउंडेशन के चेयरमैन रवि राजहंस, कानूनी सलाहकार सोनल कीर्ति ने सभी बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की। स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के 150 बच्चे लाभान्वित हुए। इस मौके पर स्कूल की ओर से फाउंडेशन के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
बिकाऊ
FLATS FOR SALE
PURVA BLUBELLE
Adjacent to **Magadi road Metro station**
Rajajinagar Centre of the City
3 bedroom & Exclusive 5 bedroom Flats + servant room with all luxurious Amenities,
Contact : 9844027560



# निगोद निवारण तप के तपस्वियों की निकाली गई शोभायात्रा, किया तपस्वियों का सम्मान

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत । शहर के कंचगार गली स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर के प्रांगण से जैन मरुधर संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री जितरत्नसागरसूरीजी व चन्द्ररत्नसागरसूरीजी के सान्निध्य में निगोद निवारण तप के तपस्वियों की शोभायात्रा निकाली गयी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते मरुधर शांति भवन में आकर धर्मसभा में परिवर्तन हो गई।

# राजेन्द्र पूनम ग्रुप ने की गौसेवा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय राजेन्द्र पूनम ग्रुप के 19 सदस्यों ने रविवार को कोरमंगला गोशाला में गोसेवा कर गो पूजन का लाभ लिया। इस अवसर पर अधिकांश सदस्यों ने अपने स्तर पर गोमाता के लिए घास, पालक, कबूतरों को मूंग, ज्वार, गेहूं एवं विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री अपने हाथों से खिलाई और गो भक्तों ने गो पूजा कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

# महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारें : संतश्री राजेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर स्थित लुणावत जैन स्थानक भवन में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री राजेशमुनिजी के सान्निध्य में दादा गुरुदेव मदनलाल की दीक्षा जयंती, आचार्य मिश्रीमलजी की जयंती एवं संत रूपमुनिजी की पुण्यतिथि के अवसर पर महापुरुषों का गुणगान किया गया।

मुनिश्री ने कहा कि महापुरुषों का गुणगान इसलिए किया जाता है कि उनके कुछ गुण हमारे भीतर भी आ सकें। उनकी तरह हम भी जिन शासन के सच्चे सिपाही बनकर आत्मा के गुणों की रक्षा करें ताकि हम एक दिन जन्म मरण के दुखों से छुटकारा पा सकें। उन्होंने दादा गुरुदेव मदनलाल जी का गुणानुवाद करते हुए कहा कि उनका मानना था कि यदि संघ बनाना है तो अपनी मत चलाओ अगर अपनी चलानी है तो संघ बनाने की जरूरत नहीं।

वे सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उनका जीवन गुणों से भरपूर था। मुनि ने कहा कि आचार्य मिश्रीमल का जीवन मिश्री की तरह था। इस मौके पर गौतमचंद ओस्तवाल ने गुरु मदनलाल तथा आचार्य मिश्रीमल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन संघ के मंत्री छगनमल लुणावत ने किया।

# संथारा साधना कर जीवन सार्थक कर दिया शांतिबाई ने : साध्वी भाविताश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मल्लेश्वरम जैन स्थानक में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भाविताश्रीजी ने मल्लेश्वरम महावीर महिला मंडल में लगभग 22वर्षों तक मंत्री पद दायित्व का निर्वाह करने वाली जेएसपी श्रीश्रीमाल जैन फाउंडेशन की प्रेरक, संथारा साधिका शांतिबाई श्रीश्रीमाल के देवलोकगमन पर समायोजित गुणानुवाद सभा में कहा कि संसार में जन्म के साथ मृत्यु अनिवार्य है। यह प्रकृति का अटल सत्य है। जन्म और मृत्यु के बीच का जो जीवन है उसे धर्म आराधना से जो भावित कर देता है उसका जीवन सार्थक हो जाता है। शांतिबाई श्रीश्रीमाल ने संथारा स्वीकार कर पंडित मरण द्वारा जीवन को धन्य बना दिया है। उन्होंने शांतिबाई के तीनों पुत्रों महेंद्रकुमार, मनोहरलाल, मनोजकुमार श्रीश्रीमाल को धर्म प्रेरणा संबल प्रदान किया। संघ के अध्यक्ष प्रकाशचंद बाफना ने संघ के पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल श्रीश्रीमाल एवं उनकी धर्मपत्नी शांतिबाई श्रीश्रीमाल की समर्पित संघ सेवा एवं महिला मंडल की उन्नति हेतु योगदान का उल्लेख करते हुए गुणानुवाद किये। विभिन्न सभा संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# परमार्थ के लिए की गई सामायिक सर्वेश्रेष्ठ : विनयमुनि खींचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग शिवाजीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने आवश्यक सूत्र की विवेचना करते हुए कहा कि सामायिक धर्म आराधना प्रशंसनीय कहलाती है, साथ में ये ध्यान रखना चाहिए कि यदि घर में कोई बीमार है, सेवा करने वाला कोई नहीं है, तब भी सेवा छोड़कर सामायिक करने बैठ जाना, यह उचित नहीं है। अतएव काल शुद्धि में यह ध्यान रखना चाहिए कि मेरी किसी को सेवा की जरूरत (घर में) तो नहीं है। जिस घर में 'परस्परोपग्हो जीवानाम' अर्थात जीवों में परस्पर उपग्रहित रहना-करना, एक उच्च कोटि का व्यवहार है। सेवा वृत्ति की यदि घरों में उपेक्षा की जा रही है तो समझना चाहिए कि प्रीति योग के शेयर टूट रहे है और एक दूसरे के प्रति उपेक्षा की जा रही है। ये मानवीयता पर कलंक है। संतश्री के दर्शनार्थ स्थानकवासी जैन महिला मंडल ऊटी की सदस्याएं गणेश बाग पहुंची। स्थानकवासी जैन संघ हलसूर के 60 बालक बालिकाओं ने विनयमुनिजी के दर्शन वंधन का लाभ लिया। गणेश बाग संघ ने सभी बालकों को उपहार दिए।



# वर्षीतप भवन का भूमिपूजन 13 अक्टूबर को तथा शिलान्यास 26 अक्टूबर को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय महावीर स्वामी वर्षीतप चैरीटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मुनिश्री राजपद्मसागरजी व श्रमणपद्मसागरजी की निश्रा में शीतल बुद्धि वीर वाटिका में नूतन वर्षीतप भवन निर्माण के भूमिपूजन का लाभ संघवी पारसमल राजेन्द्रकुमार अभयकुमार दांतेवाडिया परिवार ने लिया। भूमि पूजन अनुष्ठान 13 अक्टूबर को रखा गया है। शिलान्यास का लाभ संघवी घेवरचंद, कुशलराज, सफ़लकुमार साकरिया परिवार ने लिया जिसका शिलान्यास 26 अक्टूबर को होगा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर मेहता एवं मंत्री संतोष चौहान एवं भवन निर्माण कमेटी के चेयरमैन भेरुलाल भंडारी ने लाभार्थी परिवार की सराहना करते हुए सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन भवन की विस्तार पूर्वक जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गौतम मुथा द्वारा दी गयी। ज्ञातव्य है कि चामराजपेट क्षेत्र में स्थित महावीरस्वामी वर्षीतप ट्रस्ट के तत्वावधान में भारत वर्ष में पहली बार एक भव्य और आधुनिक वर्षीतप भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। इस भवन का निर्माण 5500 वर्गफुट भूमि पर किया जाएगा, जिसमें कुल 30000 वर्गफुट का क्षेत्रफल होगा।

भवन में रात्रि भोजन वर्जित रहेगा। भवन को सामाजिक व व्यवहारिक स्थल के रूप में उपयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुरेंद्र रांका, कोषाध्यक्ष गजेंद्र चांदावत, सहमंत्री नरेश बांठिया एवं सहमंत्री महावीर श्रीश्रीमाल का सहयोग रहा। यह जानकारी कैलाश संखलेचा ने दी।



# जैन अल्पसंख्यात प्रमाण पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में जैन अल्पसंख्यक वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से जैन अल्पसंख्यात प्रमाण पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 व्यक्तियों ने प्रमाण पत्र हेतु पंजीकरण कराया। एसोसिएशन की रेणु रांका ने बताया कि भविष्य में अल्प संख्यात प्रमाण पत्र बहुत उपयोगी होगा।

इससे हम छात्रवृत्ति, विदेश शिक्षा, व्यापार, सामुदायिक भवन निर्माण, मंदिर पुनर्निर्माण आदि में सरकार, बैंक आदि से सहयोग लेने में आसानी होगी। जितेंद्र कवाड़ ने सेवा में सहयोग दिया। अलसूर जैन संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने शिविर का उद्घाटन किया। जैन युवक संघ अलसूर ने व्यवस्था में सहयोग किया।



# गांधीनगर तेरापंथ भवन में आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गांधीनगर स्थित तेरापंथ भवन में तेरापंथ सभा गांधीनगर के तत्वावधान में साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में ज्ञानशाला के बच्चों के लिए क्विज 'चेक योर टेलेंट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वीश्री उदितयशाजी, संगीतप्रभाजी,भव्ययशाजी एवं शिक्षाप्रभाजी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। ज्ञानशाला के पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे गए टेक्नोलॉजी एवं एलसीडी का प्रयोग कर बच्चों से प्रश्न पूछे गए । 15 टीम बनाई गई और 6 राउंड हुए जिसमें 18 उपनगरों के बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया। ओखलीपुरम ज्ञानशाला ने प्रथम कामाक्षिपाल्या ज्ञानशाला ने द्वितीय तथा शंकरमठ, शांतिनगर एवं केंगेरी ज्ञानशाला ने तृतीय स्थान संयुक्त रूप में प्राप्त किया। मुख्य प्रशिक्षिका मंजू गन्ना, संयोजिका बबीता चोपड़ा, चेतना वेदमुथा,टीना मांडोत,मंजू दक ने सहयागे दिया। सभी विजेता एवं सहभागी बच्चों को सभा द्वारा पुरस्कृत किया गया।संचालन क्षेत्रीय संयोजिका नीता गादिया एवं सुमित्रा बरडिया ने किया।



# हीराबाग में सजी भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हीराबाग जैन स्थानक सेपिंग्स रोड चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी धैर्याश्रीजी ने प्रवचन में नवपुण्य की चर्चा करते हुए कहा कि प्रथम कार्य पापानु बंधी पाप जो अपने भोग परभोग के लिए निर्माण करना ही इस पाप क्रिया को निरन्तर चालू रखता है। उसके साथ ममता के बंधन में बंधे रहता है। दूसरा कार्य पापानु बंधी पुण्य जो दूसरे के कार्य में दान धन की ममता के साथ संबंध तोड़ देता है। दूसरों को धार्मिक आराधना में सहयोगी बनाता है, साता पहुंचाने का कार्य करता है। प्रवचन के पश्चात् बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की गई। दही हांडी व चित्रकारी का प्रोग्राम बच्चों के लिए किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कलश स्थापना एवं आगम की बोली ली गई। संचालन मंत्री अशोक बांठिया ने किया।



# उड़ान कार्यशाला में शामिल हुए सैंकड़ों बच्चे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। शहर के तेरापंथ भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री संयमलताजी के सान्निध्य में 'राइजिंग हाई टच दि स्काई' उडान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर साध्वीश्री ने कहा कि नींव जितनी मजबूत होता है उतना महल टिकाऊ भव्य व आकर्षक होता है। बच्चे हमारे भविष्य का गौरव है। महापुरुष ने विपरित परिस्थितियों में उत्पन्न गुस्से को सही दिशा दे वे महान् बन गए, यही कला हमें हमारे बच्चों को सिखाना है ।

अतः गुस्से की शक्ति में सही दिशा दे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राकेश खाटेंड ने क्रोध को उर्जा में बदलनेके तरीके बताते हुए कहा कि क्रोध मे रिएक्ट नहीं, रिस्पोन्ड करना चाहिए। चाहे गांधीजी हो, ममता बनर्जी हो हर महान् व्यक्ति ने गुस्से में रिस्पोन्ड किया और महान् बन गए।

श्वास को गहरा-गहरा करते जाए गुस्से को कम करते जाए। ज्ञानाशाला के बच्चों ने नवकार मंत्र, महाप्राण ध्वनि, अर्हत वन्दना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मोहित कुमार ने तकनीक व दिशा भंसाली ने जिम्मेदारियों के बारे में बताया। इस शिविर में मंड्या, मैसूरु, हुणसूर, एचडी कोटे, श्रीरंगपट्नम के बच्चों ने भाग लिया। साध्वी मार्दवश्रीजी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा बच्चों को बुद्धिमान् बनाने के साथ श्रद्धावान्, धैर्यवान् बनाए। जो क्रोध शांत करता है वह स्व के लिए संत बनता है और पर के लिए वसंत बनता है। क्रोध को एनर्जी में बदलने के अनेक उपाय बताए।

# कर्नाटक में भाजपा ने विधायकों को लुभाने के लिए 100 करोड़ रुपये की पेशकश की : कांग्रेस विधायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। कर्नाटक में कांग्रेस के एक विधायक ने विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए 'ऑपरेशन कमल' चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि 100 करोड़ रुपये की पेशकश कर कांग्रेस विधायकों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है।

मंड्या से कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा ने कहा कि भले ही भाजपा विधायकों को लालच देकर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कोई भी विधायक उसके झांसे में नहीं आएगा और राज्य में कांग्रेस की सरकार स्थिर एवं मजबूत है। गौड़ा ने एक संवाददाता के सवाल के जवाब में कहा, ''मैं आज भी कह रहा हूं कि उन्होंने (भाजपा ने) अब 50 करोड़ रुपये की पेशकश को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया है। किसी ने परसों फोन करके कहा था कि सौ करोड़ रुपये तैयार हैं। वे 50 विधायकों को खरीदना चाहते हैं। भाजपा के लोग 50 करोड़ रुपये से 100 करोड़ रुपये पर पहुंच गए हैं।''

उन्होंने यहां मीडिया से कहा, ''किसी ने मुझे फोन किया था, मैंने उससे कहा कि 100 करोड़ रुपये अपने पास रखो, मैंने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) से शिकायत करने के बारे में सोचा। वे (भाजपा) हमारी सरकार को गिराने की योजना रोजाना बना रहे हैं, 50 करोड़ रुपये से अब वे 100 करोड़ रुपये की पेशकश पर पहुंच गए हैं, लेकिन हमारी सरकार स्थिर है, मुख्यमंत्री भी मजबूत हैं।''

इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी गौड़ा ने दावा किया था कि एक टीम ने कांग्रेस विधायकों को 50 करोड़ रुपये और मंत्री पद देने का लालच देकर लुभाने की कोशिश की। उन्होंने कहा था कि चार विधायकों से संपर्क किया गया था और इस दावे के समर्थन में सबूत भी मौजूद हैं।

गौड़ा ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष, केंद्रीय मंत्रियों शोभा करंदलाजे, प्रह्लाद जोशी और एच डी कुमारस्वामी (जनता दल-सेक्युलर) पर राज्य में कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के लिए ''एक गिरोह'' के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 136 विधायकों के साथ कांग्रेस सरकार चट्टान की तरह ''मजबूत'' है, राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री गरीबों के हितैषी हैं और कोई भी उन्हें हटा नहीं सकता।

उन्होंने कहा, ''लेकिन इन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वादा किया है और सरकार को गिराने के उद्देश्य से घूम रहे हैं।'' गौड़ा ने आरोप लगाया कि ''भाजपा के दलाल'' कांग्रेस विधायकों से रोजाना संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा कोई भी विधायक उनके झांसे में नहीं आएगा... वे (भाजपा) विधायकों को खरीदकर सरकार को गिराना चाहते हैं। वे अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं, क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस मजबूत है।

उन्होंने कहा, ''हम सबूत इकट्ठा कर रहे हैं, हम इसे ईडी, सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) को देंगे, हम उन्हें नकदी के बैग के साथ पकड़ना चाहते हैं...मेरे पास उस व्यक्ति का ऑडियो है जिसने मुझे फोन किया था, अब उसका दिल जोर से धड़क रहा होगा, हम इसे सही समय पर जारी करेंगे।''



# दलित, पिछड़ा वर्ग समुदायों के संतों ने सिद्दरामय्या को बिना शर्त नैतिक समर्थन की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दलित और पिछड़ा वर्ग समुदायों के संतों के संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से मुलाकात की और मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) 'घोटाले' के सिलसिले में राज्यपाल द्वारा उनके खिलाफ मुकदमे की मंजूरी दिए जाने के मद्देनजर उनके (सिद्दरामय्या के) बिना शर्त ''नैतिक समर्थन'' की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, सरकार को अस्थिर करने की केंद्र सरकार और राजभवन की साजिशों की कड़ी निंदा करते हुए कई स्वामीजी ने घोषणा की कि वे मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के पक्ष में, इस साजिश के खिलाफ एकजुटता से लड़ेंगे।

बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री से मिलने वाले संतों के प्रतिनिधिमंडल में कागिनेले कनक गुरु पीठ के जगद्गुरु श्री निरंजनानंद पुरी स्वामीजी, श्री जगद्गुरु कुंचितिगा महासंस्थान मठ के जगद्गुरु श्री शांतावीरा महास्वामीजी, भोवी गुरुपीठ-चित्रदुर्ग के जगद्गुरु श्री इम्मादी सिद्धरामेश्वर स्वामीजी, मदारा चेन्नैया गुरुपीठ के जगद्गुरु श्री बसवमूर्ति मदारा चेन्नैया महास्वामी सहित कई अन्य संत शामिल हैं।

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को एमयूडीए भूखंड आवंटन घोटाले' के संबंध में सिद्दरामय्या के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को विशेष अदालत को कथित 'मुडा भूखंड आवंटन घोटाले' में मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्यवाही सुनवाई की अगली तारीख 29 अगस्त तक स्थगित करने का निर्देश दिया।

## पूजा अर्चना



रविवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनकी पत्नी उषा ने जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी मंदिर का दौरा किया और पूजा अर्चना की।

# पत्नी को फ्रेंच फ्राई खाने से रोकने के मामले में अदालत ने पति के खिलाफ जांच पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अमेरिका में बच्चे के जन्म के बाद पत्नी को फ्रेंच फ्राई खाने से रोकने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामले की जांच पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने व्यक्ति के खिलाफ आरोपों को तुच्छ पाया और इसलिए जांच पर रोक लगा दी।

अपने फैसले में, न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि जांच जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। अदालत ने कहा, पति के खिलाफ किसी भी जांच की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा और पत्नी के इस आरोप को बल मिलेगा कि उसे किसी समय पर फ्रेंच फ्राई खाने को नहीं दिया गया। इसलिए, पति के खिलाफ सभी जांच पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश दिया जाना चाहिए। अमेरिका में कार्यरत महिला के पति को भी नौकरी पर लौटने की अनुमति दी गई, जब उसने अदालत को आश्वासन दिया कि वह जांच अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे और प्रक्रिया से नहीं बचेंगे।

महिला के पति ने अपनी याचिका में जांच पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

उसने तर्क दिया था कि शिकायत तुच्छ है। व्यक्ति के वकील ने बताया कि उनकी पत्नी की शिकायत के बाद उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था, जिससे उन्हें अमेरिका में काम पर लौटने से रोका गया। अदालत ने पहले व्यक्ति के माता-पिता के खिलाफ जांच पर रोक लगा दी थी, जिनका नाम भी शिकायत में था। शिकायत में, पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति ने बच्चे के जन्म के तुरंत बाद उसे फ्रेंच फ्राई, चावल और मांस खाने की अनुमति नहीं दी थी।

पति ने इसका विरोध करते हुए दावा किया कि बच्चे के जन्म से पहले अमेरिका में रहने के दौरान, उसकी पत्नी ने उससे घर के सभी काम करवाए। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने इस मामले में एलओसी के इस्तेमाल की आलोचना की और इसे कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि शिकायत तुच्छ प्रतीत होती है और व्यक्ति को अपने पेशेवर दायित्वों के लिए अमेरिका लौटने की अनुमति दी।

# जेएसडब्ल्यू स्टील को 3,666 एकड़ जमीन की बिक्री में कोई अनियमितता नहीं : एमबी पाटिल

बेंगलूरु। कर्नाटक के भारी और मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने रविवार को कहा कि बेल्लारी जिले में जिंदल स्टील को 3,666 एकड़ जमीन बेचने के राज्य सरकार के फैसले में कोई अनियमितता नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंत्रिमंडल ने 12 मार्च, 2024 को उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद बी एस येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के छह मई, 2021 को जारी आदेश को लागू करने का फैसला किया है।



कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को जेएसडब्ल्यू स्टील के पक्ष में संदूर तालुक के कुरेकुप्पा और तोरणगल्लू गांवों में 2,000.58 एकड़ भूमि और तोरणगल्लू, मुसिनयाकनहल्ली और येरबनहल्ली में 1,666.73 एकड़ भूमि की बिक्री को अपनी मंजूरी दी। जेएसडब्ल्यू स्टील को 2,000.58 एकड़ जमीन 1.22 लाख रुपये प्रति एकड़ और 1,666.73 एकड़ जमीन 1.50 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से मिलेगी।

# पटाखा यूनिट में विस्फोट दो लोगों की मौत

चेन्नई/दक्षिण भारत। तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले के नाथम तालुक के अविचिपट्टी में एक पटाखा यूनिट में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने सुबह-सुबह पटाखा फैक्ट्री से तेज आवाज सुनी। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम वहां पहुंची तो फैक्ट्री के अंदर दो लोगों को मृत पाया। शवों के सिर, गर्दन और बांहों पर गंभीर चोटों के निशान थे।

वहीं, फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए डिंडीगुल के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना को लेकर नाथम थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। यूनिट का मालिक के सेल्वम फिलहाल फरार है। पुलिस की एक टीम मालिक की तलाश कर रही है। नाथम थाने के एसएचओ ने आईएएनएस को बताया कि पुलिस सेल्वम का पता लगा रही है और यह पता लगा रही है कि उसके पास पटाखा फैक्ट्री चलाने का उचित लाइसेंस है या नहीं।

इससे पहले शनिवार को मायलादुथुराई में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में दो श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। शनिवार की घटना में मृतक की पहचान थिरुवदुथुरई गांव निवासी कर्णन (27) के रूप में हुई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कालीपेरुमल (42) की अस्पताल में मौत हो गई। उस घटना में घायलों की पहचान तिरुवलंगाडु गांव के लक्ष्मणन और विरुधुनगर जिले के उथुकाडु गांव के कुमार के रूप में हुई है, जो मयिलादुथुराई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं।

जिला कलेक्टर एपी महाभारती और पुलिस अधीक्षक के. स्टालिन ने घटनास्थल का दौरा किया और मयिलादुथुराई के अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु का विरुदनगर जिला देश में पटाखा विनिर्माण का सबसे बड़ा हब है।

# भाजपा और द्रमुक मिले हुए हैं, प्रतिद्वंद्वी होने का नाटक कर रहे हैं : अन्नाद्रमुक प्रमुख

सेलम। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव और तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ई.के. पलानीसामी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक एक-दूसरे का प्रतिद्वंद्वी होने का नाटक कर रहे हैं, लेकिन वे मिले हुए हैं। करुणानिधि शताब्दी स्मारक सिक्का जारी करने के कार्यक्रम को लेकर सत्तारूढ़ द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) पर निशाना साधते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के उस दावे पर सवाल उठाया जिसमें उन्होंने इसे केंद्र सरकार का कार्यक्रम बताया था। पलानीसामी ने दोहराया कि राज्य सरकार ने कार्यक्रम आयोजित किया था।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे जो निमंत्रण पत्र मिला उसमें राज्य सरकार का प्रतीक चिह्न है। राज्य के मुख्य सचिव ने इसे जारी किया है। यह राज्य सरकार का कार्यक्रम था। उन्होंने नाम लिए बगैर बताया कि पिछले सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और राज्य भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई तथा कुछ अन्य पार्टी नेताओं ने भाग लिया था। पलानीसामी ने कहा कि द्रमुक 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन इस कार्यक्रम के लिए न तो कांग्रेस की सोनिया गांधी, न ही उनके बेटे राहुल गांधी और न ही अन्य पार्टी नेताओं को आमंत्रित किया गया।



बेंगलूरु में रविवार को बेंगलुरु के एमजी रोड स्थित रंगस्थला ऑडिटोरियम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर राधा और कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे।

## उत्साहवर्धन



बेंगलूरु के हम्पीनगर स्थित चन्द्रशेखर आजाद खेल मैदान में विजयनगर यूनाइटेड स्पोर्ट्र्स एंड कल्चरल अकादमी द्वारा आयोजित फुटबॉल स्पर्धा 'इंडिपेंडेंस कप 2024' का आयोजन किया गया इस मौके पर 20 टीम ने हिस्सा लिया। पूर्व पार्षद रविंद्र, विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत, पूर्व पार्षद आनंद होसूर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।








# बीबीएमपी के पालिके बाज़ार का उद्घाटन

बेंगलूरु। बृहद बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के विजयनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विजयनगर बस/मेट्रो स्टेशन के पास कर्नाटक सरकार की मुख्यमंत्री शहरी विकास परियोजना के तहत एक वातानुकूलित बाजार का निर्माण किया गया। रविवार को इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने किया। इसमें दो एस्केलेटर और एक लिफ्ट है।

वातानुकूलित बाज़ार पालिके बाज़ार को दक्षिण भारत का पहला वातानुकूलित बाज़ार होने का गौरव प्राप्त है। 13 करोड़ रुपए की लागत से बना यह बाजार विजयनगर बस/मेट्रो स्टेशन के पास है। कुल 1165 वर्गमीटर क्षेत्र में बने इस बाजार में 9 वर्गमीटर की प्रत्येक दुकान का क्षेत्रफल है। कुल 79 दुकानें इस पालिका बाजार में है। इस मौके पर विजयनगर और गोविन्दराजनगर क्षेत्र के विधायक उपस्थित थे।




# विजयनगर तेरापंथ भवन में मनाया गया ज्ञानशाला दिवस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ भवन विजयनगर में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के सान्निध्य में ज्ञानशाला दिवस का आयोजन किया गया। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने बच्चों को मंगल पाठ सुनाया और रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में विजयनगर सभा के मंत्री दिनेश हिंगड़, सहमंत्री ज्ञान नाहटा सहित 100 बच्चों की उपस्थिति रही।

सभा के उपाध्यक्ष भंवरलाल मांडोत ने सबका स्वागत किया। ज्ञानशाला संयोजिका ममता मांडोत, आंचलिक संयोजक माणक संचेती ने ज्ञानशाला दिवस के बारे में अवगत कराया और अन्य जानकारियां प्रदान की। विजयनगर ज्ञानशाला और डीविनिटी के बच्चों द्वारा 9 तत्व, जम्बूकुमार प्रसंग, बालमोहन दीक्षाभाव विषय पर विभिन्न प्रस्तुतियां दी । साध्वीश्री मलययशाजी ने कहा कि बच्चों को ज्ञान ग्रहण करने के बाद उसका पुनरावर्तन जरूर करना चाहिए ताकि वह भूल नहीं और ज्ञान गहरा होना चाहिए। साध्वीश्री आस्थाश्रीजी ने एक कहानी द्वारा परिषद को अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा दी। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने परिषद को प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति जागरूक होना चाहिए उन्हें संस्कारित बनाना चाहिए। अभिभावकों को न सिर्फ अपने बच्चों की शिक्षा पर बल्कि उनके संस्कार निर्माण पर भी ध्यान देना चाहिए्। कार्यक्रम में चंपालाल मालू , ज्ञान नाहटा, पूर्व संयोजिका कंचन छाजेड़, मधु कटारिया, अभिलाष डांगी उपस्थित थे। रेखा पितलिया ने धन्यवाद दिया तथा संचालन मनीषा घोषाल ने किया।





# लोगों से मिलने एवं उनके सुझाव से हो पाता है समस्याओं का समाधान : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को भी प्रमुख बताते हुए कहा है कि लोगों से मिलने, उनसे फीड बैक एवं सुझाव लेने से उनकी समस्याओं का समाधान हो पाता है और तब व्यक्ति के मन में प्रसन्नता का भाव आता है। शर्मा रविवार सुबह जोधपुर जाते समय जयपुर-जोधपुर इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन में लोगों से मिलने के बाद मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह जहां भी जाते हैं लोगों से मिलते हैं उनसे समस्याओं के बारे में पूछते हैं और उनसे फीड बैक लेते हैं। इसी तरह आज ट्रेन में भी महिलाओं, बालिकाओं सहित कई लोगों से मिले और इससे जो जमीनी स्थिति होती है वह मिलती है और समस्या के समाधान की और हम बढते हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों के सुझाव भी आते हैं उनको भी हमने सुना है और छोटी- छोटी समस्या की तरफ भी देखना चाहिए, देखते भी है और समाधान भी होता है। जब समाधान होता है तो व्यक्ति के मन में प्रसन्नता का भाव आता है। उन्होंने कहा कि समस्या के बताने से उसका समाधान निकलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के सुझाव आते है, वे वास्तविकता के होते है और उनकी छोटी-छोटी समस्या हमारे लिए छोटी हो सकती है लेकिन आमजन के लिए वह प्रमुख होती है। शर्मा ने कहा कि आज उन्होंने सभी से बात की है। इस दौरान रेलवे, रेलवे स्टेशन के बारे में सहित आमजन की कई समस्याएं उनके सामने आई और उन्होंने कई समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर ही समाधान भी किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोधपुर दौरे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने प्रदेश में हमारी सरकार के बनने के पिछले आठ महीनों में कई सौगाते दी हैं। उन्होंने कहा कि और भी विषय हैं जिन्हें आगे बढाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी से मिलकर ऊर्जा मिलती है और विकसित राजस्थान कल्पना के आधार पर समाधान की बात होती है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में विकसित राजस्थान, विकिसत भारत बनेगा।

यात्रा के दौरान शर्मा ने ट्रेन की अलग-अलग बोगियों में जाकर यात्रियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोगों हर्षित हो उठे। बच्चों, युवाओं और महिलाओं में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ नजर आयी। इस दौरान उन्होंने बुजुर्ग यात्रियों के बीच जाकर उनसे बातचीत की और आशीर्वाद लिया तथा बच्चों को दुलार किया। ट्रेन के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के दौरान मुख्यमंत्री का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। नांवा सिटी में राजस्व राज्यमंत्री विजय सिंह के नेतृत्व में शर्मा का स्वागत किया गया। इसके अलावा फुलेरा, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना एवं मेड़ता रोड सहित अन्य स्टेशनों पर भी मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया।

इससे पहले जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मंडल रेलवे प्रबंधक विकास पुरवार, स्टेशन डायरेक्टर मिहिर देव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्रीमती भवप्रीता सोनी सहित अन्य रेलवे अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

# अनेकता में एकता भारत की विशेषता : गुलाबचंद कटारिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक चंडीगढ़ गुलाबचन्द कटारिया ने कहा है कि संगीत और कविताओं ने हमेशा से ही सबको प्रेरित किया है। कटारिया शनिवार शाम को यहां पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा दर्पण सभागार में आयोजित दो दिवसीय मल्हार उत्सव का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विभिन्न उत्सव, वेशभूषा, वाद्य, भाषा अलग-अलग होने पर भी सब मिलकर भारत का स्वरूप दिखाई देता है। यही अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। वास्तव में हर त्यौहार, उत्सव आमजन में तनावमुक्त वातावरण फैलाने का कार्य करता है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि उत्सव पहले दिन शनिवार की शाम शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में सुरबहार वाद्य पर डॉ. अश्विन एम. दलवी ने अपनी प्रस्तुति दी। पखावज पर मृणाल उपाध्याय एवं तबले पर द्विज गंधर्व ने संगत की।

शुरूआत में सितार एवं सुरबहार के सिद्धहस्त वादक एवं म्यूजिक कंपोजर डॉ. अश्विन एम. दलवी ने सुरबहार की उत्पत्ति के बारे में बताया। कला-संस्कृति से ही किसी देश की वास्तविक पहचान है, इसका उदाहरण है कि यदि सितार में 'चिकारी' तार छेड़ दिया जाय तो कोई भी सहृदय व्यक्ति बता देगा कि यह तो हिन्दुस्तान के वाद्य की सरगम है।

सुर बहार को रूद्रवीणा का भाई भी कहा जाता है। उसके बाद कथक दल की प्रस्तुति मल्हार के मद्देनजर रखते हुए रचित पहली प्रस्तुति में प्रकृति की बारिश, मोर का नृत्य, हिरण का सुंदर चित्रण, बारिश गर्जना आदि को गायन शैली में राग मल्हार में प्रस्तुत किया। संगीत की रचना उस्ताद समीर उल्लाह खान ने की, जो कि किराने घराने के खलीफा है। इसके अंतर्गत मल्हार राग में तराना, मीरा बाई की रचना बादल देख डरी हो.... मल्हार राग में प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में राजस्थान की पारंपरिक मियां की मल्हार में आधारित पीलू में शिव स्तुति, जिसकी नृत्य संरचना गुरु स्व. कुंदन लाल गंगाणी ने की। उसके बाद ताल साढ़े नौ में कुछ परणे, गणेश परण तिहाईयां, फरमाईशी इत्यादि प्रस्तुत की। तीसरी कृष्णा रूपी सरगम राग बागेपर आधारित, कृष्ण जी की कविता, राजस्थान की मिट्टी की महक, रंग रंगीलो राजस्थान आदि प्रस्तुत की गई। अंत में जन्माष्टमी के उपलक्ष में कीर्तन राधे गोविन्द भजो राधे गोविंद मय संगति तथा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कथक नृत्य कलाकार नयनिका गंगाणी, नंदनी खण्डेलवाल, प्रियंका कपिल, हर्षिया कंबोज, राहुल कुमार, आशीष कथक, देव सक्सेना, पीयूष चौहान, दीपक खन्ना ने प्रस्तुति दी।



# प्रधानमंत्री पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव देशवासियों को करते हैं प्रेरित : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 113वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जोधपुर के एस एन मेडिकल कॉलेज सभागार में आमजन के साथ प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद पहली बार मनाए गए नेशनल स्पेस डे के बारे में बात की।

मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी देशवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने असम एवं अरूणाचल प्रदेश में पशुओं और मनुष्यों के बीच के बंधन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे नवाचारों के बारे में भी चर्चा की। साथ ही, प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक वेस्ट का इको-फ्रेंडली उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास के लिए भी अपील की। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भी अधिकाधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सही पोषण को लेकर जागरूकता के लिए देशभर में सितंबर माह में मनाए जाने वाले पोषण माह के बारे में चर्चा की तथा मिलेटस (श्रीअन्न) का अधिकतम उपयोग करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने आगामी त्यौहारों की बधाई देते हुए सभी देशवासियों से पेरिस पैरालंपिक गेम्स में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए उक्ष्एठ4इक-ठ-ढ कैम्पेन चलाने की अपील भी की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव देशवासियों को प्रेरित करते हैं। उनके द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का इको-फ्रेंडली उपयोग करने की सलाह तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की पहल से देश में प्रकृति एवं पर्यावरण को लेकर और अधिक जागरूकता आएगी।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं सांसद मदन राठौड़, राजेन्द्र गहलोत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

# मोदी के मन की बात 'जन-जन की बात, भारत के मन की बात है' : कर्नल राज्यवर्धन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 113वें एपिसोड को सुना। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि यह कार्यक्रम सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है। य्स्र

मन की बात, कोटि-कोटि भारतीयों के मन की बात है, उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है। मन की बात देशवासियों की अच्छाइयों का, सकारात्मकता का, एक अनोखा पर्व बन गया है। एक ऐसा पर्व जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। मन



की बात जिस विषय से जुड़ा, वो, जन-आंदोलन बन गया। यह जन-जन की बात, भारत के मन की बात है। प्रधानमंत्री के प्रेरक विचार हमें निरंतर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि भारत के जन-गण-मन को राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकारों से सतत जोड़ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सदैव सकारात्मक और नई ऊर्जा से अभिसिंचित करता है।

"प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात का 113वें एपिसोड में तकनीक, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, आर्ट वर्क, वन्य जीवों की सुरक्षा, खेल, खिलाड़ियों, योगा, फिटनेस, स्वच्छता और स्वास्थ्य आदि विषयों पर मार्गदर्शन के साथ ही हर घर तिरंगा अभियान की सफलता पर की गई विशेष चर्चा हम सभी को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर विकसित भारत के संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध करने वाला है।

# जालोर में भारी बारिश के बाद पांच श्रद्धालु बहे, एक महिला की मौत

जालोर/दक्षिण भारत। राजस्थान के जालोर में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश दर्ज की गई, जहां पानी के तेज बहाव में पांच श्रद्धालु बह गये जिनमें से तीन लोगों को बहार निकाल लिया गया जबकि एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस दौरान उदयपुर, धौलपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, कोटा, बारां, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, जालोर, दौसा, सवाई माधोपुर और सिरोही जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान में सबसे अधिक बारिश दौसा में 144.0 मिमी और पश्चिमी राजस्थान के जालोर के रानीवाड़ा में 65 मिमी बारिश दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि जालौर के जसवंतपुरा उपखंड में भारी बारिश के कारण पहाड़ से पानी सुंधा माता मंदिर की सीढ़ियों पर बहने लगा। तेज बहाव में पांच श्रद्धालु बह गए जिनमें से एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीन लोगों को पानी से बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक अन्य लापता श्रद्धालु की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक महिला की पहचान लक्ष्मी देवी अहारी (45) के रूप में हुई है।



# संत महात्मा हमारे जीवन में मार्गदर्शक की निभाते हैं भूमिका : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संत महात्मा हमारे जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। हमारी आध्यात्मिक उन्नति में उनका अहम योगदान होता है। वे समाज को संस्कारित बनाने का कार्य करते हैं और संस्कारवान भावी पीढ़ियां देश-प्रदेश का नाम रोशन करती हैं।

शर्मा रविवार को एक दिवसीय जोधपुर यात्रा के दौरान गांधी मैदान में आयोजित 'जीने की कला' विशिष्ट प्रवचन माला कार्यक्रम में शामिल हुए और संत ललितप्रभ, संत चन्द्रप्रभ एवं डॉ. मुनि शांतिप्रिय महाराज से प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत हजारों साल पुरानी है। संत महात्मा हमारी इस संस्कृति के वाहक हैं। शर्मा ने कहा कि हमारी आध्यात्मिक रूप से समृद्धता ही हमें दुनिया में एक विशिष्ट पहचान दिलाती है और इसीलिए भारत को 'विश्वगुरू' कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने बाद में चांदपोल स्थित रामस्नेही संप्रदाय जूना रामद्वारा पहुंचकर संत अमृतराम जी महाराज का भी आशीर्वाद लिया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, विधायक अतुल भंसाली एवं देवेन्द्र जोशी उपस्थित रहे।




# अजमेर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, आनासागर झील का पानी सड़कों पर आया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। अजमेर शहर सहित जिले भर में लगातार झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अल सुबह से लगातार बरस रही है मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया है।

यहां तक कि शहर की सबसे बड़ी झीलआनासागर का पानी भी सड़को पर आ गया है। राहगीरों का आना जाना बेहद मुश्किल हो चुका है झील के आस पास का रास्ता भी बंद हो चला है।

ऐसे में सड़के पानी से लबालब है तो वही लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। घर और दुकानें मानो तालाब में तब्दील हो गई हो। जगह-जगह यातायात प्रभावित हो रखा है।

शहर के आना सागर लिंक रोड ,वैशाली नगर, सावित्री कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, सूचना केंद्र बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन में और लिंक रोड 9 नंबर पेट्रोल पंप सहित सैकड़ो जगह पर 3 फीट से अधिक पानी भर चुका है।

आनासागर और फाइसागर झील के ओवरफ्लो होने से बेहद दुश्वारी पेश आ रही है। जिसकी वजह से सैकड़ो शहरवासी अपने घरों में ही कैद हो कर रह गए है।

# भाजपा है तो हम, लोग मेरे और भाजपा संगठन के प्रति भ्रम फैलाकर गलत ट्रेंड चला रहे है : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान बैठक छोड़कर जाने को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने



प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह पर सोशल मीडिया ट्रेंड का विरोध किया है। राठौड़ ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ लोग मेरे और भाजपा संगठन के प्रति भ्रम फैलाकर गलत ट्रेंड चला रहे हैं। मैं इसका विरोध करता हूं। मैंने अपना पूरा राजनीतिक जीवन भाजपा संगठन के लिए समर्पित किया है। भविष्य में भी एक कार्यकर्ता के रूप में संगठन को मजबूती देने के लिए कार्यरत रहूंगा। मेरी सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से अपील है कि सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणियां न करें। भाजपा है तो हम हैं।

एक्स पर राजेंद्र राठौड़ नहीं तो भाजपा नहीं कई बार ट्रेंड हुआ। इसमें प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल के खिलाफ भी खूब कमेंट किए गए हैं। यूजर्स ने अग्रवाल पर तंज कसते हुए उनकी सियासत पर सवाल उठाए हैं।

राठौड़ की तरफ से सोशल मीडिया पर चल रहे ट्रेंड का विरोध करने पर कई समर्थकों ने तल्ख कमेंट किए हैं। अब भी कई समर्थक सोशल मीडिया पर प्रदेश प्रभारी के खिलाफ कमेंट कर रहे हैं। वहीं, राठौड़ के समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जयपुर में मंगलवार को भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक हुई थी। इस दौरान अग्रवाल ने कहा था कि राजेंद्र राठौड़ बैठक बीच में छोड़कर चले गए। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास ने अपने भाषण में भी पूछा था कि राजेंद्र राठौड़ कहां चले गए? मैं सब पर नजर रखता हूं। इस बहाने उनकी अटेंडेंस भी लग गई। उनसे पूछा जाना चाहिए कि किस कारण से उन्हें बैठक छोड़कर जाना पड़ा? प्रदेश प्रभारी ने कहा था कि बैठक में 24 मंत्रियों को रहना था, उनमें से 16 ही आए हैं।

14 सांसदों में से 10 सांसद, 115 विधायकों में से 64 विधायक और 44 जिलाध्यक्षों में 38 ही आए हैं। बैठक में नहीं आने वाले नेताओं से पूछना चाहिए, वे क्यों नहीं आए? शुक्रवार को राजेंद्र राठौड़ हिसार के दौरे पर थे। उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हिसार बीजेपी कार्यालय में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया था।



# भाजपा सदस्यता अभियान की हुई शुरूआत, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने किया शुभारंभ

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान-2024 के लक्ष्य हासिल करने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला रविवार को होटल एस विला में हुई। कार्यशाला का शुभारंभ राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटरा, जिला प्रभारी संजय नरूका, पूर्व विधायक शंकर शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ प्रभुदयाल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक सितंबर से सदस्यता अभियान में जुट जायें। इस बार प्रत्येक बूथ पर कम से कम दो सौ नये सदस्य बनाने का लक्ष्य है। साथ ही दौसा जिले को भाजपा सदस्यता अभियान में नंबर वन पर पहुंचना है। जिला संयोजक राजेंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान का पहला चरण 1 से 25 सितंबर, दूसरा चरण 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, तीसरा चरण 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। 1 से 10 नवंबर तक सक्रिय और प्राथमिक सदस्य रजिस्ट्रेशन तैयार किए जाएंगे। जिले में 1237 बूथ हैं।

# विश्वविद्यालय नैक एक्रिडिएशन के लिए तेजी से प्रयास करे : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेजी से प्रयास करे। उन्होंने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर राजस्थान को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय राज्य बनाना है। राज्यपाल हरिभाऊ ने रविवार को डीआरडीओ सभागार में जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। साथ ही, इसको और कैसे बेहतर किया जा सकता है के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केन्द्र बनें।

बैठक में एम बी एम विश्वविद्यालय के कुलपति अजय कुमार शर्मा, महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कुसुमलता भंडारी, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, मेडिकल विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति डॉ. एम के आसेरी सहित अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार के खिलाफ असम के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के नगांव जिले में 14 वर्षीय किशोरी के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के विरोध में रविवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। धींग में बृहस्पतिवार शाम जब किशोरी ट्यूशन से साइकिल से घर लौट रही थी, तभी मोटरसाइकिल पर आए तीन लोगों ने उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया।

धींग में, अपराध के विरोध में दो दिनों तक बंद रहने के बाद आज दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान फिर से खुल गए। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग को लेकर इलाके में मार्च निकाला गया। पुलिस ने बताया कि बलात्कार मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया मुख्य आरोपी हिरासत से कथित तौर पर भाग गया, तालाब में कूद गया और शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। अन्य दो आरोपी अब भी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। प्रदर्शनकारियों में शामिल फरीदा बेगम ने कहा, ''हम चाहते हैं कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। यह हमारे इलाके के लिए शर्मनाक घटना है।'' कोकराझार जिले के गोसाईगांव में भी विरोध रैली निकाली गई। शिवसागर में भी प्रदर्शन हुए, जहां प्रदर्शनकारियों ने अपराध में संलिप्त लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की।

## कांग्रेस बताए कि उसने अपने शासन वाले राज्यों में ओपीएस लागू करने का वादा पूरा क्यों नहीं किया: भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लाने के लिए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूछा कि उसने अपने शासन वाले हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने का वादा पूरा क्यों नहीं किया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनपीएस के तहत, एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर सुनिश्चित रूप से वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने को मंजूरी दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के बारे में यू-टर्न वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर संवेदनशील हैं तथा ध्यानपूर्वक विचार-विमर्श के बाद जनहित में निर्णय लेते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार अस्थाई फैसले नहीं लेती। उन्होंने खरगे से सवाल किया कि वह देश को यह बताएं कि उनकी पार्टी ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद पुरानी पेंशन योजना लागू करने के चुनावी वादे पर यू-टर्न क्यों लिया। दरअसल, सरकार पर कटाक्ष करते हुए खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यूपीएस में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है! 4 जून के बाद, जनता की शक्ति प्रधानमंत्री के सत्ता के अहंकार पर हावी हो गई है।

## भाजपा विधायक को व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी : मुकदमा दर्ज

**शाहजहांपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले की मीरानपुर कटरा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक वीर विक्रम सिंह को व्हाट्सएप कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गयी है। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 19 अगस्त को मीरानपुर कटरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह को व्हाट्सएप कॉल के जरिए किसी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उसी दिन आरोपी अर्जुन उर्फ छोटे को हिरासत में ले लिया था और भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 (शांति भंग) के तहत उसका चालान कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद विधायक वीर विक्रम सिंह के निजी प्रतिनिधि जगबीर की ओर से 24 अगस्त को थाना जैतीपुर में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा विधायक को व्हाट्सएप कॉल करके किसी व्यक्ति ने गाली गलौज की है और उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। इससे उन्हें व उनके परिवार को खतरा उत्पन्न हो गया है। भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह से इस बारे में बात करने का प्रयास किया गया मगर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# 'सुभद्रा योजना' की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री 17 सितंबर को ओडिशा आ सकते हैं : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को राज्य की महिलाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की महत्वाकांक्षी 'सुभद्रा योजना' की शुरुआत के लिए ओडिशा का दौरा कर सकते हैं

पुरी में जगन्नाथ मंदिर के दर्शन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और दो उपमुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री को 17 सितंबर को ओडिशा में 'सुभद्रा योजना' का आरंभ करने के लिए आमंत्रित किया था और प्रधानमंत्री ने इस पर सहमति व्यक्त की है।

प्रधान ने कहा, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हमने चुनाव के दौरान प्रत्येक महिला को 50,000 रुपए देने का वादा किया था और ओडिया लोगों ने हम पर अपना विश्वास जताया है। इस बीच, ओडिशा में मोहन माझी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने योजना के क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) प्रकाशित कर दी है। उन्होंने कहा कि बीपीएल श्रेणी (गरीबी रेखा से नीचे) के अंतर्गत आने वाली 21-60 वर्ष आयु वर्ग की एक करोड़ से अधिक पात्र महिलाओं को इस योजना के तहत पांच वर्षों तक प्रति वर्ष 10,000 रुपए मिलेंगे।

जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की सूची और रखरखाव के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अनुरोध पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की एक उच्चस्तरीय टीम जल्द ही 12वीं सदी के मंदिर के खजाने का निरीक्षण करेगी। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार रत्न भंडार में संग्रहीत सभी आभूषणों और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाएगी तथा नवीनतम सूची की तुलना पिछली सूची से करेगी। प्रधान ने कहा कि भाजपा सरकार पुरी को आधुनिक आध्यात्मिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी कदम उठाएगी।

## लोगों से किए गए वादे पूरे न करने के लिए हेमंत सोरेन को इस्तीफा दे देना चाहिए: हिमंत बिश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में ''विफल'' रहने के लिए इस्तीफा मांगा।

शर्मा ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार घुसपैठ रोकने सहित सभी मोर्चों पर विफल रही है। उन्होंने कहा, ''समय आ गया है कि चुनाव के दौरान युवाओं से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए आप इस्तीफा दें और राजनीति छोड़ दें।'' शर्मा ने हाल ही में रांची में भारतीय जनता युवा मार्चा (भाजयुमो) की रैली के दौरान भाजपा नेताओं सहित लगभग 12,000 अज्ञात लोगों के खिलाफ ''गैर-जमानती धाराओं'' के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की भी आलोचना की। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और पानी की बौछारें छोड़ी तथा रबर की गोलियां भी चलाईं। शर्मा ने दावा किया, ''स्वतंत्र भारत में इस तरह की क्रूरता नहीं सुनी गई है...मैं उल्फा से निपटा हूं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं देखा। मैं निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर (झारखंड के) डीजीपी को पद से हटाने के लिए कहूंगा, क्योंकि ऐसे अधिकारी के रहते राज्य में (निष्पक्ष) चुनाव नहीं हो सकते...12,000 युवाओं के खिलाफ प्राथमिकी कार्यकर्ताओं को धमकाने के लिए है।''

## ममता के नेतृत्व वाली बंगाल सरकार महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही : वानती



**जम्मू/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन ने रविवार को आरोप लगाया कि ममता बनर्जी-नीत पश्चिम बंगाल सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है और ''उसे (तृणमूल कांग्रेस) इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।''

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की महिला शाखा की नेताओं से मिलने यहां आईं श्रीनिवासन ने कहा कि एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या ने समाज को झकझोर कर रख दिया है और पीड़िता के लिए न्याय की मांग को लेकर हजारों की संख्या में महिलाएं मार्च कर रही हैं।

एक कार्यक्रम से इतर श्रीनिवासन ने संवाददाताओं से कहा, ''जहां तक कोलकाता में डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या का मामला है, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा के महत्व को नहीं समझ रही है।'' उन्होंने कहा, ''महिला प्रदर्शनकारी उस महिला डॉक्टर के लिए न्याय की आवाज उठा रही हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, अहंकारी ममता बनर्जी सरकार इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझ रही है और उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।''



## चिराग पासवान पांच और साल के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष निर्वाचित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की यहां आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को पांच वर्ष के लिए पुन: पार्टी अध्यक्ष चुन लिया गया। पासवान ने बताया कि बैठक में यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने यहां अपनी बैठक में मुझे अगले पांच साल के लिए पुन: (अध्यक्ष) चुना है।''

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बैठक में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि झारखंड में उनकी पार्टी राष्ट्रीय गठबंधन की अपनी साझेदार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ या अपने दम पर चुनाव लड़ सकती है।

पासवान ने कहा, हमने राज्य इकाइयों से सुझाव लिए हैं कि क्या वे गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहते हैं या उन राज्यों में अकेले चुनाव लड़ना चाहते हैं जहां हमारा संगठन मजबूत है... राष्ट्रीय स्तर पर हमारा भाजपा के साथ गठबंधन है और हम राजग के एक मजबूत गठबंधन सहयोगी हैं। उन्होंने कहा, 2014 में हमने झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया था और शिकारीपाड़ा सीट पर चुनाव लड़ा था। अगर सीटों का सम्मानजनक बंटवारा होता है तो हम गठबंधन के साथ जा सकते हैं या फिर अकेले चुनाव लड़ सकते हैं। झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने देश भर में जाति आधारित जनगणना की भी वकालत की, लेकिन आंकड़ों को सार्वजनिक करने के प्रति आगाह किया क्योंकि इससे समाज में दरार पैदा होगी। मंत्री ने कहा, हमने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि हम चाहते हैं कि जाति आधारित जनगणना कराई जाए... इससे यह सुनिश्चित होगा कि सरकार के पास सही आंकड़े हैं। हालांकि, मैं नहीं चाहता कि जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक हों। इससे दरार पैदा हो सकती है।

## सात वर्षीय बच्ची से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवरिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को सात वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र में एक बच्ची पास की एक दुकान पर दूध खरीदने गई थी, तभी दुकान पर खड़े 41 वर्षीय सफीउल्लाह ने उसे दुकान के अंदर ले जाकर कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि बच्ची की चीख-पुकार सुनकर लोग वहां जमा हो गए और आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

शहर थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि आरोपी ने छात्रों को ट्यूशन पढ़ाने के लिए इलाके में एक कमरा किराए पर ले रखा था।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करके विस्तृत जांच की जा रही है। स्थानीय भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा।



## ट्रेन नियंत्रक कम वेतनमान, रिक्त पदों के कारण तनाव का कर रहे हैं सामना : आरडीएसओ रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रेल मंत्रालय के तहत आने वाले अनुसंधान डिजायन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के एक अध्ययन में पाया गया है कि ट्रेन नियंत्रकों को कार्यस्थल पर अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें कम वेतनमान, रिक्त पदों के कारण भारी तनाव और बुनियादी सुविधाओं का अभाव शामिल है।

हाल में रेलवे बोर्ड को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुभाग नियंत्रक अत्यधिक तनाव वाला काम करते हैं। विभाग में लगभग 15-20 प्रतिशत रिक्तियों के कारण उनका कार्य और भी कठिन हो जाता है। 'अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन करने में अनुभाग नियंत्रकों की चुनौतियां' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट का उद्देश्य ट्रेन परिचालन की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे में सुधार की संभावना तलाशना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक है और प्रतिदिन हजारों ट्रेन लगभग 1,05,555 किलोमीटर लंबी पटरियों पर दौड़ती हैं। इस गतिविधि को भारतीय रेलवे नेटवर्क पर 68 संचालन केंद्रों द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिन्हें मंडलीय नियंत्रण कार्यालय कहा जाता है। इसमें कहा गया है कि मंडल मुख्यालय में स्थित मंडल नियंत्रण कार्यालय रेलवे नेटवर्क के संपूर्ण संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## यूपीएस में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा को लेकर केंद्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि यूपीएस दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों पर हमला प्रतीत होता है।

कांग्रेस का यह कटाक्ष ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वालों के लिए 25 साल की सेवा पर अंतिम 12 महीने के औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन की गारंटी को मंजूरी दी थी। नई पेंशन योजना न्यूनतम 10 साल की सेवा पर कम से कम 10 हजार रुपए पेंशन देने की गारंटी देती है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी गई, जो गारंटीकृत पेंशन का आश्वासन देती है। सरकार पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ''यूपीएस में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है। चार जून के बाद जनता की शक्ति प्रधानमंत्री के सत्ता के अहंकार पर हावी हो गई है।''

## कोलकाता बलात्कार-हत्या मामला : जेल में किया जा रहा है मुख्य आरोपी संजय रॉय का 'पॉलीग्राफ टेस्ट'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का ''पॉलीग्राफ टेस्ट'' कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में किया जा रहा है जहां वह बंद है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कोलकाता में सीबीआई के कार्यालय में दो ओर लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष समेत चार लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था। 'पॉलीग्राफ टेस्ट' के दौरान व्यक्ति द्वारा प्रश्नों के उत्तर दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है और यह पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ। सीबीआई ने रॉय और घोष समेत सात लोगों का 'लाई डिटेक्टर टेस्ट' कराने के लिए अदालत से अनुमति ली है। इस टेस्ट को मुकदमे के दौरान सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता लेकिन इसके नतीजे एजेंसी को आगे की जांच में एक दिशा प्रदान करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से 'पॉलीग्राफ' विशेषज्ञों का एक दल जांच करने के लिए कोलकाता गया है।

# पैरा टेबल टेनिस स्टार भाविना पटेल ने कहा, चीनी खिलाड़ी अजेय नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** टोक्यो पैरालंपिक में टेबल टेनिस में रजत पदक विजेता भाविना पटेल 28 अगस्त से शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक में चीन के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि उनका कहना है कि वे अजेय नहीं हैं।

टोक्यो पैरालंपिक में क्लास 4 स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भाविना ने पेरिस के लिए रवाना होने से पहले कहा कि वह टेबल टेनिस में चीनी वर्चस्व को चुनौती देना चाहेंगी क्योंकि वे भी 'इंसान' हैं।

भाविना ने रविवार को पीटीआई वीडियो से कहा, ''चीनी खिलाड़ी भी इंसान हैं और हम भी इंसान हैं। चीन मेरे लिए मायने नहीं रखता बल्कि टोक्यो में भी मैंने चीन की एक खिलाड़ी को हराया था इसलिए मुझ पर उनसे भिड़ने का कोई दबाव नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने उनके अनुसार अपनी रणनीति बदल ली है इसलिए मैं उस दिन उनके खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ रणनीति अपनाऊंगी।''

गुजरात के मेहसाणा की टेबल टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि उनका एकमात्र ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर होगा।

राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और एशियाई खेलों की पदक विजेता भाविना ने कहा, ''मुझे किसी तरह की घबराहट नहीं है। मुझे बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। मेरा मानना है कि जब हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बारे में सोचते हैं तो कुछ और दिमाग में नहीं आता है।

उनकी युगल जोड़ीदार सोनलबेन पटेल ने कहा, ''भाविना और मैंने जोड़ीदार के रूप में अपनी ट्रेनिंग में दोगुना प्रयास किया है और हम पदक के साथ घर लौटने की पूरी कोशिश करेंगे।''

टोक्यो पैरालंपिक में पुरुष एकल बैडमिंटन एसएच6 स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि पेरिस में सब कुछ ठीक रहेगा और मैं भारत के लिए फिर से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगा। मैं टोक्यो में अपना स्वर्ण पदक बचाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। तैयारियां अच्छी रहीं हैं। मैं सकारात्मक हूं और अच्छा खेलने की कोशिश करूंगा।''

गोला फेंक पैरा एथलीट सचिन खिलाड़ी पैरालंपिक में पर्दापण करेंगे और उन्हें खुद से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''मैं बहुत उत्साहित हूं, पैरालंपिक के लिए मेरी तैयारी डेढ़ साल से चल रही थी। मैंने विश्व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे खुद से स्वर्ण पदक की उम्मीद है क्योंकि मैंने इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है।''

चक्का फेंक एथलीट साक्षी कसाना ने कहा, ''मैंने इस पल को साकार करने के लिए अथक परिश्रम किया है क्योंकि पैरालंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना किसी भी एथलीट के लिए सबसे बड़ी बात है इसलिए मुझे उम्मीद है कि मेरी चार साल की कड़ी मेहनत रंग लाएगी।''

भारत ने 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस में होने वाले पैरालंपिक के लिए 84 सदस्यीय दल भेजा है जो अब तक का सबसे बड़ा दल है।

## भारत ने एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने रविवार को मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप 2024 की टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक जीता।

भारत ने शनिवार को एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद यह रजत पदक जीता।

भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया। कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।

चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया उसी सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहा।

फाइनल में भारतीय टीम ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और 24.13 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रही।

चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

जापान ने 58.40 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता।

## सुविचार

**अपनी जिंदगी से मैं बहुत खुश हूँ, क्योंकि मुझे सपनों से ज्यादा अपनों की फिक्र है!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# राजनीति में युवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने संबंधी फैसले का उल्लेख किया जाना स्वागत-योग्य है। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले इन युवाओं के राजनीति में शामिल होने के लिए आह्वान तो स्वतंत्रता दिवस के भाषण में ही कर दिया था। अगर इस विचार पर गंभीरता से काम हुआ तो यह भारतीय राजनीति की दशा और दिशा, दोनों को बदल सकता है। हर युवा को राजनीति के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। उनमें से भी जो देशसेवा करना चाहते हैं, उन्हें सक्रिय राजनीति में आना चाहिए। हालांकि यह सब इतना आसान नहीं है। आजादी के बाद जब देश में चुनावी राजनीति का पहिया आगे बढ़ा तो लोगों ने खूब उत्साह दिखाया, लेकिन उसके साथ कई विकृतियां भी जुड़ती गईं। जातिवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद, क्षेत्रवाद जैसे हथकंडे सत्ता हासिल करने के आसान टोटके बन गए थे। आज भी कई नेता इन्हें आजमाते रहते हैं, उन्हें कहीं-कहीं कामयाबी मिल जाती है। ये सब खराबियां अपनी जगह थीं। इनके अलावा राजनीति में परिवारवाद, धनबल और बाहुबल के प्रयोग ने लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पुराने जमाने में जिस तरह बादशाह का बेटा बादशाह बनता था, उसी तरह विधायकों-सांसदों की संतानें सत्ता में हिस्सेदारी पाने लगीं। चुनाव प्रचार इतना महंगा हो गया कि आम आदमी तो उस स्तर पर मुकाबला करने के बारे में सोच ही नहीं सकता। अस्सी और नब्बे के दशक में कई बाहुबली नेताओं का दबदबा था, जो लठैतों के जोर पर आम जनता को धमकाते और बूथों पर कब्जा कर लेते थे। हालांकि समय के साथ बाहुबली नेताओं की पकड़ ढीली हुई। चुनाव आयोग और अदालतों की सख्ती के कारण उनकी मनमानी काफी हद तक बंद हो गई।

राजनीति एक ऐसा माध्यम है, जहां कोई व्यक्ति सच्ची निष्ठा और पूर्ण मनोयोग से काम करे तो वह बहुत सकारात्मक बदलाव ला सकता है। विडंबना है कि आज 'राजनीति' को बहुत नकारात्मक सन्दर्भ में लिया जाता है। हालांकि इसके लिए कुछ नेताओं के कारनामे जिम्मेदार हैं। इसी देश में महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान राजनेता हुए, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देशसेवा के लिए समर्पित कर दिया था। धीरे-धीरे राजनीति में आदर्शों की जगह पदलिप्सा और तपस्या की जगह लोभ ने ले ली। ऐसे-ऐसे 'नेता' विधानसभा और संसद पहुंच गए, जिन्होंने जनता की भलाई के वादे तो बड़े-बड़े किए, लेकिन वे 'मैं और मेरा' से उबर नहीं पाए। राजनीति में भ्रष्टाचार ने भी लोगों को बहुत निराश किया। इससे नेताओं पर विश्वास कमजोर हुआ। खासकर युवाओं के मन में यह बात बैठ गई कि देश की राजनीति में बदलाव लाना संभव नहीं है। वे हालात को लेकर शिकायत तो करते हैं, लेकिन बदलाव लाने के लिए कुछ कर नहीं पाते। न उनके पास इतने संसाधन हैं कि खर्चीली चुनावी राजनीति में उतरें और न ही लोग जाति, सांप्रदायिकता और अन्य सियासी समीकरणों से ऊपर उठकर उनकी बात सुनना चाहेंगे। देश का युवा करे तो क्या करे? जब कभी बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे आते हैं तो ज्यादातर प्रतिभाशाली विद्यार्थी यही कहते हैं कि वे बड़े होकर डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या कोई सरकारी अधिकारी बनना चाहेंगे। शायद ही कोई विद्यार्थी यह कहता है कि मैं राजनीति में जाकर सेवा करूंगा, देश के हालात बेहतर बनाऊंगा! आखिर क्यों? इसकी एक वजह तो सरकारी नौकरियों का अतिमहिमा-मंडन है। वहीं, राजनीतिक परिदृश्य से जुड़ी नकारात्मकता भी युवाओं को इसमें आने से हतोत्साहित करती है। वह सोचता है कि यह क्षेत्र उसी के लिए है, जिसके पास खूब धन हो, जिसके परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि हो तथा जाति, सांप्रदायिकता और अन्य सियासी समीकरण पक्ष में हों! इस सोच को बदलना होगा। ऐसे सेवाभावी और प्रतिभाशाली युवाओं को आगे लाना होगा, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। राजनीति को परिवारवाद, जातिवाद और सांप्रदायिकता से मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि जनता भी ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करे।

## ट्वीटर टॉक



संसदीय क्षेत्र में इटावा के परिवारजनों द्वारा मिले इस अपार स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। आपके इस विश्वास को मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। इस क्षेत्र के किसान समृद्ध हो, यह मेरा ध्येय है। हर घर नल से जल और हर खेत तक पानी का हमारा सपना जल्द साकार होगा।

**–ओम बिरला**



अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध और उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है। लेकिन आरोप लगते ही आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, आरोप लगते ही आरोपी का घर ढहा देना– यह न्याय नहीं है।

**–अशोक गहलोत**



न्याय हमेशा सरल और स्पष्ट होता है, लेकिन कई बार प्रक्रियाएं उसे मुश्किल बना देती हैं। ये हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम न्याय को ज्यादा से ज्यादा सरल और स्पष्ट बनाएं और मुझे संतोष है कि देश ने इस दिशा में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाये हैं।

**–नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# वर्तमान का आनंद

एक चिड़िया थी जो बहुत ऊंची उड़ती और इधर-उधर चहचहाती रहती। वह कभी इस टहनी पर, कभी उस टहनी पर फुदकती। लेकिन उसकी एक आदत थीवह दिन में होने वाली अच्छी और बुरी घटनाओं के कंकर अपनी पोटली में रख लेती। वह अक्सर उन कंकरों को पोटली से निकालकर देखती। अच्छे कंकरों को देखकर बीते दिनों की अच्छी बातों को याद करके खुश होती और खराब कंकरों को देखकर दुखी होती। चिड़िया यह रोज करती। रोज कंकर इकट्ठा करने से उसकी पोटली धीरे-धीरे भारी होती जा रही थी। कुछ समय बाद, पोटली पूरी तरह से कंकरों से भर गई। चिड़िया को भरी पोटली के साथ उड़ने में दिक्कत होने लगी। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्यों नहीं उड़ पा रही। समय के साथ, पोटली और भारी होती गई और अब तो उसके लिए चलना भी मुश्किल हो गया। एक दिन ऐसा आया कि वह खाने-पीने का इंतजाम भी नहीं कर सकी और अपने कंकरों के बोझ तले मर गई। यह कहानी हमें यह सिखाती है कि जब हम अपने पुराने दुख और अनुभवों का बोझ लेकर चलते हैं, तो हम वर्तमान का आनंद नहीं ले पाते।

## सामयिक

# साइबर ठगी का नया पैंतरा डिजिटल अरेस्ट

**अमित बैजनाथ गर्ग**
**मोबाइल : 78770 70861**

इन दिनों साइबर ठगों ने लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए एक और नया तरीका अपनाया है, जिसका नाम है डिजिटल अरेस्ट। यह साइबर क्राइम का नायाब तरीका है। साइबर ठगी करने वाला लोगों को फंसाने के लिए ब्लैकमेलिंग का खेल खेलता है और लोग उसके जाल में फंस जाते हैं। साइबर क्राइम के इस बिलकुल नए तरीके में स्कैमर्स पुलिस, सीबीआई या कस्टम का अधिकारी बनकर आपको कॉल करते हैं और डराकर घर पर ही बंधक बना लेते हैं। स्कैम का यह खेल यहीं से शुरू होता है। इस तरह के स्कैम को डिजिटल अरेस्ट कहते हैं। साइबर ठग गिरफ्तारी का डर दिखाकर आपको घर में ही कैद कर देते हैं।

सबसे पहले ठग आपको अधिकारी बनकर कॉल करता है। फिर बताया जाता है कि आपका आधार कार्ड, सिम कार्ड, बैंक अकाउंट का उपयोग किसी गैर कानूनी काम के लिए हुआ है। यहां से आपको डराने-धमकाने का खेल शुरू होता है और फिर ठगी का टारगेट पूरा किया जाता है। ठग वीडियो कॉल में अपने बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लेते हैं, जिसे देखकर पीड़ित डर जाता है और वह उनकी बातों में आ जाता है। ठग जमानत की बात कहकर आपसे ठगी शुरू करते हैं। अपराधी आपको वीडियो कॉल से ना हटने देता है और ना ही किसी को कॉल करने देता है। हाल ही में साइबर ठगी के जरिए डिजिटल अरेस्ट के कुछ मामले सामने आए हैं। कुछ प्रमुख घटनाओं से ठगी के इस महाजाल को समझने की कोशिश करते हैं।

नोएडा में रहने वाली एक महिला ने बताया कि उन्हें एक कॉल आया। यह कॉल इंटरनेशनल कूरियर कंपनी के कर्मचारी ने किया था। उसने महिला को बताया कि उनके नाम से भेजे पार्सल में ड्रग्स मिला है। महिला ने जब इस तरह के किसी भी भी पार्सल की जानकारी न होने की बात कही तो उन्होंने बताया कि वे इसकी शिकायत मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच में दर्ज करवा रहे हैं। इसके बाद महिला के पास एक वीडियो कॉल आता है, जिसका बैकग्राउंड किसी पुलिस स्टेशन का था। पुलिस अफसर बनकर बात कर रहे व्यक्ति ने वीडियो कॉल पर महिला को रातभर सोने नहीं दिया और उसे डरा-धमकाकर करीब 5.20 लाख रुपए अलग-अलग खातों में जमा करवा लिए। महिला को 24 घंटे से अधिक समय तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया।

इसी तरह का एक और मामला बेंगलूरु की एक 29 वर्षीय महिला वकील द्वारा हाल ही में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि उसे दो दिनों के लिए डिजिटल रूप से गिरफ्तार किया गया था, जब उसे एक व्यक्ति ने फोन किया था। उसने खुद को एक अंतरराष्ट्रीय कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताया था। ऑनलाइन जालसाजों ने न केवल उससे 14.57 लाख रुपए ठग लिए, बल्कि मादक परीक्षण करने के बहाने उसे कैमरे के सामने नग्न होकर पोज देने को भी कहा। बाद में उन्होंने धमकी दी कि अगर उसने उन्हें 10 लाख रुपए नहीं दिए तो वे उसके वीडियो सार्वजनिक कर देंगे। वहीं फरीदाबाद की 23 वर्षीय महिला से साइबर ठगों ने फर्जी सीमा शुल्क अधिकारी बनकर 11 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने घटना के समय महिला को गिरफ्तारी का डर दिखाकर डराया और उसे लगभग आठ घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा।

एक अन्य मामले में नोएडा में साइबर जालसाजों ने भारतीय रेलवे के सेवानिवृत्त जीएम को 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर 52.50 लाख रुपए की ठगी की। जालसाजों ने ताइवान भेजे गए पार्सल में ड्रग्स, अंडरवर्ल्ड डॉन से संबंध और मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर वारदात की। वहीं प्रयागराज के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को चार दिन तक उसके घर में डिजिटल अरेस्ट रखा गया और उससे 98 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। उसे मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने और गिरफ्तारी का डर दिखाया गया। उसे डराने और धमकाने के लिए कोर्ट कोर्ट के फर्जी कागजात भी दिखाए गए। इसी तरह एक बुजुर्ग महिला से करीब एक करोड़ 48 लाख रुपए ठगने का मामला भी सामने आया था। इसी तरह 2.81 करोड़ रुपए की ठगी का भी एक मामला सामने आया है, जो अब तक की ठगी का सबसे बड़ा मामला है।

वहीं जयपुर में रहने वाली एक महिला बैंक मैनेजर के पास साइबर क्रिमिनल का कॉल आया। कॉलर ने खुद के दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपके आधार कार्ड से ली गई एक सिम का उपयोग अवैध कार्यों के लिए किया जा रहा है। मैनेजर यह सुनकर हैरान रह जाती है। इसी दौरान एक दूसरे व्यक्ति का कॉल आता है, जो खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताता है। गिरफ्तारी से बचने के लिए एक डाउनलोड करके वीडियो कॉल पर आने की कहता है। करीब पांच घंटे तक वह क्रिमिनल मैनेजर को डिजिटल अरेस्ट करके रखता है। इस दौरान वह गिरफ्तारी से बचने के लिए रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहता है। डर के मारे मैनेजर ने अपनी एफडी तोड़कर 17 लाख रुपए साइबर क्रिमिनल द्वारा बताए गए अकाउंट पर ट्रांसफर कर दिए।

इधर, कानपुर में एक कंपनी में काम करने वाले युवक को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट किया और उसे डराकर 6.60 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को जब ठगे जाने की स्थिति का पता चला तो उसने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। युवक ने बताया कि उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि एक कूरियर उसके आधार पर थाईलैंड भेजा गया है। इस कूरियर में पांच पासपोर्ट, तीन बैंक क्रेडिट कार्ड, 40 ग्राम स्मैक, एक लैपटॉप और चार किलो कपड़े मौजूद हैं।

फोन करने वालों ने उनसे कहा कि उसका एक बैंक खाता भी सक्रिय है, जिस पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है। युवक को 25 साल जेल जाने का डर दिखाया गया। ठगों ने उससे कहा कि इस बातचीत का विवरण किसी को नहीं देंगे। आप कहीं नहीं जाएंगे और किसी से नहीं मिलेंगे। इसके बाद उसके खाते में मौजूद 99 फीसदी रकम जांच के लिए मंगाई। डरकर उसने 6.50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने कहा कि 24 घंटे में पैसा उसके अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा। इसके बाद युवक को ठगी का अहसास हुआ।

दरअसल इस तरह के अपराधों पर रोक लगाने के लिए सरकार भी कार्रवाई कर रही है। हाल ही में सरकार ने तेजी से बढ़ रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। बावजूद इसके इस तरह की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। आरबीआई की एक रिपोर्ट की मानें तो वित्त वर्ष 2023 में 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के बैंक फ्रॉड देश में रिकॉर्ड किए गए हैं। पिछले एक दशक की बात करें तो एक जून, 2014 से लेकर 31 मार्च, 2023 तक भारतीय बैंकों में 65,017 फ्रॉड के मामले सामने आए हैं, जिसकी वजह से 4.69 लाख करोड़ रुपए की ठगी की गई है। साइबर क्रिमिनल्स यूपीआई स्कैम, क्रेडिट कार्ड स्कैम, ओटीपी स्कैम, नौकरी के नाम पर स्कैम, डिलीवरी स्कैम आदि के जरिए लोगों को चूना लगा रहे हैं। इसके अलावा अब डिजिटल हाउस अरेस्ट भी साइबर अपराधियों का हथियार बन रहा है।

असल में यह सब साइबर ठगों की ओर से लोगों को डराने और धमकाने के फर्जी तरीके हैं। जांच एजेंसी या पुलिस आपको कॉल करके धमकी नहीं देती है। जांच एजेंसी या पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करती है। अगर आपको भी डराने-धमके के लिए इस तरह के कॉल आते हैं तो आप तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें या फिर 1930 नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर साइबर पोस्ट के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि कोई मैसेज या ई-मेल आता है तो उसे सबूत के तौर पर पुलिस को दें। यदि किसी कारण आपने कॉल रिसीव कर लिया और आपको वीडियो कॉल पर कोई धमकी देने लगा तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के जरिए वीडियो कॉल को रिकॉर्ड करें और शिकायत करें। किसी भी कीमत पर डरें नहीं और पैसे बिलकुल भी ना भेजें।

अगर कोई आपको झांसे में लेने का प्रयास करे तो उसके नंबर को तत्काल ब्लॉक कर दें। अगर आपको कोई संशय हो तो पुलिस विभाग की वेबसाइट पर तमाम जानकारी और उसके अफसरों के नंबर रहते हैं। आप उनसे भी जानकारी ले सकते हैं। एफआईआर की धमकी देने वाले को नजरअंदाज करें। इसके अलावा आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। किसी के साथ अपनी निजी जानकारियां जैसे कि आधार कार्ड, पैन कार्ड या फिर अन्य बैंकिंग डिटेल्स शेयर न करें। कोई भी बैंक या फिर सरकारी-गैर सरकारी संस्थान आपसे पिन, ओटीपी आदि की जानकारी नहीं पूछता है। ऐसे में आपको किसी के साथ अपनी निजी जानकारियां गलती से भी शेयर नहीं करनी चाहिए। साथ ही अपने सोशल मीडिया और बैंक अकाउंट आदि के पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए, ताकि आप ऑनलाइन फ्रॉड से बच सकें।

## विशेष

# भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी का महत्व

**योगेश कुमार गोयल**
**फोन : 9416740584.**

जन्माष्टमी का त्यौहार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को मनाया जाता है, जो इस वर्ष 26 अगस्त को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी ने कृष्ण को इसी दिन जन्म दिया था। भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी पर्व का इतना महत्व क्यों है, यह जानने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और उनकी अलौकिक लीलाओं को समझना अनिवार्य है। बाल्याकाल से लेकर बड़े होने तक श्रीकृष्ण की अनेक लीलाएं विख्यात हैं। उन्होंने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आव्हान किया था, जिसके बाद हनुमान जी ने बलराम की वाटिका में जाकर बलराम से युद्ध किया और उनका घमंड चूर-चूर कर दिया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक असुर के बंदीगृह से 16100 बंदी महिलाओं को मुक्त कराया था, जिन्हें समाज द्वारा बहिष्कृत कर दिए जाने पर उन महिलाओं ने श्रीकृष्ण से अपनी रक्षा की गुहार लगाई और तब श्रीकृष्ण ने उन सभी महिलाओं को अपनी रानी होने का दर्जा देकर उन्हें सम्मान दिया था।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जो अत्यंत क्रूर एवं अत्याचारी था। कंस ने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन थी देवकी, जिसका विवाह कंस ने ही यदुवंशी वसुदेव के साथ बहुत धूमधाम से सम्पन्न कराया। कंस जब देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया और देवकी की ससुराल पहुंचकर उसने अपने जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन करते हुए वादा किया कि उसके गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे वह कंस को सौंप दिया करेगी। कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और वसुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया।

कारागार में देवकी ने पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस ने मार डाला। इसी प्रकार एक-एक कर उसने देवकी के सात बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने वसुदेव-देवकी पर पहरा और कड़ा कर दिया। आखिरकार वह घड़ी भी आ गई, जब देवकी ने कृष्ण को जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वसुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं। भगवान के इस दिव्य रूप के दर्शन पाकर वसुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। भगवान ने वसुदेव से कहा, ''अब मैं बालक का रूप धारण करता हूं। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नंद के घर पहुंचा दो, जहां अभी एक कन्या ने जन्म लिया है। मेरे स्थान पर उस कन्या को कंस को सौंप दो। मेरी ही माया से कंस की जेल के सारे पहरेदार सो रहे हैं और कारागार के सारे ताले भी अपने आप खुल गए हैं। यमुना भी तुम्हें जाने का मार्ग अपने आप देगी।''



वसुदेव ने भगवान की आज्ञा पाकर शिशु को छाज में रखकर अपने सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करने पर यमुना का जल भगवान श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श करने के लिए हिलोरें लेने लगा और जलचर भी श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वसुदेव सीधे नंद बाबा के घर पहुंचे। घर के सभी लोग उस समय गहरी नींद में सोये हुए थे पर सभी दरवाजे खुले पड़े थे। वसुदेव ने नंद की पत्नी यशोदा की बगल में सोई कन्या को उठा लिया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। उसके बाद वसुदेव मथुरा पहुंचकर अपनी कोठरी में पहुंच गए। कोठरी में पहुंचते ही कारागार के द्वार अपने आप बंद हो गए और पहरेदारों की नींद खुल गई।

कंस को जैसे ही कन्या के जन्म का समाचार मिला, वह तुरन्त कारागार पहुंचा और कन्या को बालों से पकड़कर शिला पर पटककर मारने के लिए ऊपर उठाया लेकिन कन्या अचानक कंस के हाथ से छूटकर आकाश में पहुंच गई। आकाश में पहुंचकर उसने कहा, मुझे मारने से तुझे कुछ लाभ नहीं होगा। तेरा संहारक गोकुल में सुरक्षित है। यह सुनकर कंस के होश उड़ गए। उसके बाद कंस ने उन्हें मारने के लिए अनेक प्रयास किए। कंस ने श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अनेक भयानक राक्षस भेजे परन्तु श्रीकृष्ण ने एक-एक कर उन सभी का संहार कर दिया। बड़ा होने पर कंस का वध कर उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाया और अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को कारागार से मुक्त कराया। तभी से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की स्मृति में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा।

## नजरिया

# विश्व धर्म के लिए श्री कृष्ण की नीतियों का अनुशरण जरूरी

**अखिलेश आर्येन्दु**

'परित्राणाम साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे।। धर्म इस जगत का शाश्वत तत्त्व है। प्रकृति के पांचों तत्त्वों, मन और बुद्धि सब धर्म के ही हिस्से हैं। लेकिन भगवान श्री कृष्ण उस धर्म की स्थापना के लिए जन्म लेते हैं जिनकी हानि से मानवता का सर्वनाश हो जाता है। आज दुनिया में इसी धर्म की जरूरत है। जिससे इंसानियत जिंदा रहे। समाज को संतुलित और संचालन के लिए गुण, कर्म और स्वभाव के आधार पर वर्ण का विभाजन दूसरी सबसे बड़ी जरूरत है। श्री कृष्ण इन चारों वर्णों के भी निर्माता और संचालक हैं। वे गीता में कहते हैं– वे गुण और कर्म के आधार पर चार वर्णों को बनाने वाले हैं। लेकिन वे बनाकर उन वर्णों को कर्म करने की आजादी भी देते हैं। गौर तलब है भगवान कृष्ण गीता के जरिए गुण, कर्म की महत्ता पर जोर देते हैं, जन्मगत जाति व्यवस्था उनके रचना का हिस्सा नहीं है। इसलिए जातिवाद या जन्मगत जाति व्यवस्था वैदिक दर्शन का हिस्सा नहीं है। आज समाज से जन्मगत ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव को खत्म करने की बहुत जरूरत बतायी जा रही है। भगवान कृष्ण के विचार इसमें बहुत मददगार साबित हो सकते हैं।

भगवान कृष्ण गीता के जरिए योगक, कर्म, भक्ति और ज्ञान का प्रतिपादन करते हैं। जिसके लिए जो जरूरी है, उसे हासिलकर जीवन को बंधनं से छुटकारा पा सकता है। यदि चारों का अभ्यास व्यक्ति करे तो उसका इहलोक और परलोक दोनों सुधर सकते हैं। भगवान श्री कृष्ण का जीवन धर्म की संस्थापना के लिए है। वे परा-अपरा दोनों तरह की विद्याओं को जानने वाले हैं। गीता में वे कहते हैं-जो व्यक्ति डर से रहित, दिल से सदा साफ, तत्त्वज्ञान के लिए जिज्ञासु, योग-ध्यान में समता से युक्त, सात्विकता के गुणों को धारण करता है, वह ही मोक्ष हासिल करता है। वे गीता में कहते हैं-यज्ञ-हवन करके प्रकृति और समाज को पवित्र करता है, वह सच्चे मायने में धर्म को जानता है। भगवान कहते हैं, हमें अपनी अच्छाइयों और बुराइयों दोनों पर नज़र रखनी चाहिए। अच्छाइयां उस पीपल के पेड़ की तरह हैं जो खुद को शीतल करता है और राहगीर को भी। उनकी नीति कहती है कि जीवन में धर्म उतना ही जरूरी जितना की धन-दौलत।

भगवानश्री कृष्ण ने अपने अनुपम कार्यों, व्यवहारों और विचारों से यह साबित कर दिया था कि धर्म की रक्षा के लिए यदि प्राण भी देना हो, तो पीछे नहीं हटना चाहिए। वे गीता क जरिए अर्जुन को महज धर्म की स्थापना के लिए अपना परम कर्तव्य पालन का उपदेश व संदेश ही नहीं देते, बल्कि मोह, भ्रम, द्वंद्व और मन की अस्थिरता से पैदा होने वाली समस्याओं, संकटों और दुर्बलताओं को दूर करने के लिए शुभ संकल्प व कर्म वीरता को अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। वे अपने सद्गुणों के बल पर उत्तम वर्ण, कुल, परिवारक, समाज और धन-दौलत को अर्जित किया, वे आज भी उपयोगी हैं। वे कहते हैं– सद्गुणहीन व्यक्ति अच्छे कुल, परिवार और समाज में पैदा होकर भी पतन को प्राप्त हो जाता है। वे आठों सिद्धियों और नौ निधियों के भंडार हैं। उनमें भगवत्ता की सोलह कलाएं हैं जो इहलोक और परलोक दोनों को सफल करती हैं। महाभारत में उन्होंने सत्य, शुभ, त्यागी, अपरिग्रही, मैत्री स्वभाव वाले पांडव का साथ ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें प्रेरणा और धर्म की शक्ति भी देते रहे। श्री कृष्ण के उपदेश विश्व समाज में धर्म और मूल्यों का निर्माण करने वाले हैं। कहते हैं मन को निर्मल बनाना उतना ही जरूरी है जितना की सहज। साथ में प्राणी मात्र के हित की कामना करना मनुष्य का पावन धर्म और कर्म है। जहां धर्म और धैर्य साथ-साथ होते हैं, उनकी सफलता सुनिश्चित होती ही है। इसलिए पांडव युद्ध में ही विजयी नहीं हुए, बल्कि स्वर्ग के राज्य में भी विजय पताका फहराई। उनके योग में वैज्ञानिकता, संस्कृति-प्रियता, आध्यात्मिकताक, धार्मिकता और दार्शनिकता का समावेश है। दीनहीनता की वजह किस्मत नहीं बल्कि अपने वे कर्म हैं, जो नकारात्मक, अशुभ संकल्प और नियम-मर्यादा से दूर होकर किए जाते हैं। इंसान अपने अवचेतन में कभी यह नहीं बिठा पाता कि उसकी जिंदगी का मकसद क्या है। उनका योग अंदर व बाहर दोनों से पूर्ण व सकारात्मक है।

श्री कृष्ण उपदेश करते हैं कि इंसान होने के बावजूद हम अपनी बुद्धि, विवेक, शक्ति और क्षमता के संबंध में कभी निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं करते, इसलिए न तो धर्म हासिल कर पाते हैं और न तो अर्थ और मोक्ष का ही। आज दुनिया में जो अशांति, हिंसा, भेदभाव और धर्म के नाम पर झगड़े-फंसाद हैं, वे श्री कृष्ण की दूरदर्शी नीतियों से ही खत्म किए जा सकते हैं। दुनिया को बेहतर और ज्ञान-विज्ञान से परिपूर्ण बनाने के लिए योगेश्वर की नीतियों के अपनाने के अलावा कोई रास्ता दिखता नहीं। श्री कृष्ण ने शिशुपाल को सौ बार क्षमाकर समाज को यह संदेश दिया कि क्षमा करना जहां एक खाशियत है वहीं पर सीमा से बाहर जाकर क्षमा करना कायरता भी है। इसलिए कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि परमात्मा ने हममें कोई गुण या खाशियत दी ही नहीं है। यह कहें कि सारी की सारी अच्छाइयाँ केवल मुझमें ही हैं, यह भी उचित नहीं। वह चाहे व्यक्ति के साथ हो या राजा अथवा देश के साथ। आज जरूरत इस बात की है कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन, नीतियों, विचारों और धर्म के उपदेशों को जिंदगी का हिस्सा बनाएं और समाज में फैले तमाम विपरीत हालातों को खत्म करने और बेहतर समाज निर्माण के लिए संकल्प के साथ जीवन गुजारें।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत' के लिए बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सामूहिक प्रयासों से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जिस तरह की भावना लोगों ने दिखाई थी 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे फिर से दिखाने की जरूरत है।

मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में कहा कि उनकी ओर से स्वतंत्रता दिवस पर बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने के आह्वान पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली है और कुछ युवाओं ने कहा है कि वंशवाद की राजनीति नई प्रतिभा को दबा देती है। उन्होंने कहा, ''इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन युवाओं को बस सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है।

मोदी ने कहा, ''इस विषय पर मुझे देशभर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों ने मुझे कई तरह के सुझाव भेजे हैं। कुछ युवाओं ने अपने पत्रों में लिखा है कि ये वाकई उनके लिए अकल्पनीय है। अपने दादा या माता-पिता के पास राजनीतिक विरासत न होने के कारण वे चाहकर भी राजनीति में चाहकर भी नहीं आ पाते थे।'' उन्होंने कहा कि कुछ युवाओं ने लिखा है कि उनके पास जमीनी स्तर पर काम करने का अच्छा अनुभव है और इसलिए वे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं। उन्होंने कहा, ''कुछ युवाओं ने यह भी लिखा है कि परिवारवादी राजनीति नई प्रतिभाओं का दमन कर देती है। कुछ युवाओं ने कहा कि ऐसे प्रयासों से हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी। मैं इस विषय पर सुझाव भेजने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद देता हूं।''

प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि सामूहिक प्रयासों से ऐसे युवा भी राजनीति में आगे आ सकेंगे, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है।

मोदी ने कहा कि युवाओं का अनुभव और उनकी लगन देश के काम आयेगी। उन्होंने कहा, ''स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र में ऐसे अनेक लोग सामने आए थे, जिनकी कोई राजनीतिक



पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्होंने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर से उसी भावना की जरूरत है। मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा कि इस अभियान से जरूर जुड़ें।'' उन्होंने कहा, ''आपका यह कदम अपने और देश के भविष्य को बदलने वाला होगा।''

मोदी ने कार्यक्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास के पूर्व छात्रों और 'गैलेक्सआई' अंतरिक्ष स्टार्टअप के युवा उद्यमियों से भी बात की, जिन्होंने अपने काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश में बढ़ते जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में विभिन्न सुधारों से काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यान की सफल लैंडिंग की पहली वर्षगांठ के अवसर पर 23 अगस्त को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' और 'पूरा देश तिरंगा' अभियान एक जबरदस्त सफलता थी।

मोदी ने कहा, ''हमने घरों के साथ ही विद्यालयों, स्कूल, विश्वविद्यालयों में तिरंगा लहराते देखा। लोगों ने अपनी दुकानों, दफ्तरों में तिरंगा लगाया, लोगों ने अपने डेस्कटॉप, मोबाइल और गाड़ियों में भी तिरंगा लगाया। जब लोग किसी भाव को व्यक्त करने के लिए हाथ मिलाते हैं, तो यह किसी भी अभियान को अद्वितीय गौरव प्रदान करता है।'' उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर 750 मीटर लंबे झंडे के साथ एक तिरंगा रैली भी निकाली गई।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''श्रीनगर की डल झील पर तिरंगा यात्रा की मनमोहक तस्वीरें हम सभी ने देखीं। अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में 600 फुट लंबे तिरंगे के साथ यात्रा निकाली गई। इसी तर्ज पर देश के अन्य राज्यों में भी हर उम्र के लोगों ने ऐसी तिरंगा यात्राओं में हिस्सा लिया।'' उन्होंने कहा कि इस अभियान ने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरो दिया और यही है 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत।'

खरीददारी



नागपुर में रविवार को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की पूर्व संध्या पर भक्तों ने भगवान कृष्ण (लड्डू गोपाल) की मूर्तियाँ खरीदीं।

## मोदी के नेतृत्व में भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है, पाक को उन जैसे नेता की जरूरतः अमेरिकी कारोबारी

दुबई/भाषा। पाकिस्तानी मूल के एक प्रमुख अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और पाकिस्तान को उनके जैसे नेता की जरूरत है। अमेरिका के बाल्टीमोर में रहने वाले तरार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मोदी के राष्ट्रवाद के नारे ने भारत में रहने वाले भारतीयों और अमेरिका में रह रहे भारतीयों के लिए अच्छा काम किया है, जहां वे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर हैं।''

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं 'अमेरिकन मुस्लिम्स फॉर डोनाल्ड ट्रंप' के संस्थापक तरार ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने तरक्की की है और अगर उनके जैसा कोई नेता सामने आता है तो इससे पाकिस्तान को मदद मिलेगी।

तरार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का उत्थान वाशिंगटन में सत्ता के गलियारों में लॉबिंग की उसकी क्षमता से परिलक्षित होता है तथा भारतीय प्रौद्योगिकी उद्यमियों की संख्या में वृद्धि ने उसके प्रवासी समुदाय को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस उदाहरण से सीख लेनी चाहिए और शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों के साथ उभरते राष्ट्र के सपने ने देश को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाया है। ऐसा तब होता है जब आप दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा में निवेश करते हैं।''

राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप की उम्मीदवारी पर तरार ने कहा कि सत्ता में उनकी वापसी अमेरिका को फिर से महानता के मार्ग पर ले जाएगी। उन्होंने कहा, ''राजनीति में आने से पहले ट्रंप ने पैसा कमाया और अब उन्हें अमेरिका को फिर से महान बनाने की चिंता है।

## 13 सितंबर को पहली बार बर्लिन में प्रदर्शन करेंगे गायक आतिफ असलम

मुंबई/एजेन्सी

पाकिस्तानी पार्श्व गायक आतिफ असलम ने 'जीना जीना', 'आदत' और 'तेरे बिन' जैसे कई हिट गाने गाकर अपनी पहचान बनाई है। वह पहली बार जर्मनी के बर्लिन में 13 सितंबर को मंच पर प्रस्तुति देंगे। बता दें कि आतिफ फिलहाल यूके/यूरोप टूर पर जा रहे हैं। वह यूरोप और यूके के पांच शहरों में जाएंगे। आतिफ 6 सितंबर को ग्लासगो में अपना पहला शो करेंगे। उसके बाद लीसेस्टर और वेम्बली में शो होंगे।



इसके बाद वे बर्लिन में परफॉर्म करेंगे और 15 सितंबर को हॉलैंड में अपने टूर का समापन करेंगे। इस टूर को लेकर उत्साहित आतिफ ने कहा, मैं दो दशकों से इस संगीत यात्रा पर हूं, और इस टूर में बर्लिन में मेरा पहला संगीत कार्यक्रम होगा। एक ऐसा शहर जहां मैं लंबे समय से प्रदर्शन करना चाहता था। यह जर्मनी के लोगों से जुड़ने और अपने संगीत के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने का एक अद्भुत अवसर होगा। यह टूर मेरे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और मैं यहां प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं।

बता दें कि आतिफ ने अपने दो दशक से भी लंबे करियर में कई हिट ट्रैक दिए हैं। अब वह अपने कुछ गानों 'ओ मेरी लैला', 'वो लम्हे', 'दिल दियां गल्लां', 'तू जाने ना', 'ओ साथी', 'दूरी' के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा, ब्रिटेन और यूरोपीय दर्शकों से मुझे जो प्यार मिलता है, वह हमेशा दिल को छू लेने वाला होता है और मैं अपने संगीत के माध्यम से लोगों से प्रशंसा सुनने के लिए उत्सुक हूं। यह इन देशों में संगीत और प्रेम का एक महीने तक चलने वाला उत्सव होगा। बता दें कि इस टूर का आयोजन डेम्बी प्रोडक्शन एलएलसी द्वारा किया गया है। इसके निर्देशक पुरू कौल हैं।

## 'स्त्री 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार, कमाई 350 करोड़ के पार

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 , ने भारतीय बाजार में 350 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनीं फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का परचम लहरा रही है। फिल्म स्त्री 2, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी।



इससे पूर्व 14 अगस्त को पेड प्रिव्यू से स्त्री 2 ने 8.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी।फिल्म स्त्री 2 पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए आयाम बना रही है। फिल्म स्त्री 2 के प्रदर्शन के 10 दिन पूरे हो गए हैं। रविवार के दिन स्त्री 2 ने शानदार कमाई का सिलसिला जारी रखा है। स्त्री 2 ने 350 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है।



## फिल्म 'अद्भुत' को लेकर उत्साहित हैं नवाजुउद्दीन सिद्दिकी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुउद्दीन सिद्दिकी अपनी आने वाली फिल्म 'अद्भुत' के सोनी मैक्स पर रिलीज किये जाने को लेकर उत्साहित हैं। सोनी मैक्स अपने आगामी सुपर नेचरल थ्रिलर, 'अद्भुत' के साथ एक नया इतिहास रचने जा रहा है। यह एक डायरेक्ट-टू-टीवी रिलीज़ है, जो बॉलीवुड में एक नए युग की शुरुआत करेगी।पहली डायरेक्ट-टू-टीवी फिल्म अद्भुत 15 सितंबर, 2024 को रात 8 बजे सोनी मैक्स पर रिलीज़ होगी।

'अद्भुत' का निर्देशन साबिर खान द्वारा किया गया है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी, डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा जैसे नामचीन कलाकार अभिनय कर रहे हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म अद्भुत में एक जासूस के किरदार में नजर आएंगे।नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, 'अद्भुत' एक ऐसी फिल्म है, जो अपनी कहानी और इसे साझा करने के तरीके दोनों से परे है। यह देखना वास्तव में रोमांचक है कि कोई फिल्म टेलीविज़न पर रिलीज़ के माध्यम से एक साथ लाखों लोगों तक पहुंच रही है।

सुपर नेचरल स्टाइल मुझे हमेशा से ही आकर्षित करता रहा है और मेरा मानना है कि दर्शकों को भी यह फिल्म रोमांच से भर देगी। इस डायरेक्ट-टू-टीवी रिलीज़ के साथ, हम एक नई शुरुआत करने जा रहे हैं, और मुझे गर्व है कि मैं भी इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा हूँ।

साबिर खान ने कहा,भारत में टेलीविज़न, लंबे समय से एक सशक्त माध्यम रहा है, जिससे हर दिन लाखों घर जुड़ते हैं। 'अद्भुत' के साथ, हम टेलीविज़न पर सिर्फ एक फिल्म ही रिलीज़ नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम एक साथ, एक ही समय पर करोड़ों घरों में अपनी पहुँच भी स्थापित कर रहे हैं। इस नए कदम के रूप में हम एक नया इतिहास रच रहे हैं, जो बताता है कि दर्शक हमारे लिए हमेशा ही पहले स्थान पर हैं।

## नीना गुप्ता की वेब सीरीज '1000 बेबीज' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता की आने वाली वेबसीरीज '1000 बेबीज' का टीजर रिलीज हो गया है। नीना गुप्ता स्टारर '1000 बेबीज' मलयालम सीरीज है। '1000 बेबीज' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। '1000 बेबीज' का टीजर सुनसान जंगल से शुरू होता है, जहां एक अस्पताल है और तड़पती गर्भवती महिलाएं हैं। यहां एक नर्स के हाव-भाव कुछ गड़बड़ी का इशारा करते हैं। फिर जंगल के बीचों बीच नीना गुप्ता के किरदार की एंट्री होती है। नीना का किरदार टीजर में कहता है,मैं सभी बच्चों के एक साथ रोने की आवाज सुन



सकती हूं। '1000 बेबीज' का निर्देशन नजीम कोया ने किया है। यह वेबसीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि मेकर्स ने अभी रिलीज डेट शेयर नहीं की है।

## टिंवकल खन्ना ने महिलाओं पर हो रहे शोषण पर चिंता जताई

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने महिलाओं पर हो रहे शोषण पर अपनी चिंता जतायी है। ट्विंकल खन्ना ने सोशल मीडिया पर महिलाओं पर हो रहे शोषण के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है। ट्विंकल खन्ना ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म की घटना, बदलापुर में स्कूली बच्चों का यौन शोषण सहित कुछ अन्य मामलों का जिक्र किया है।

ट्विंकल खन्ना ने लिखा, 'इस ग्रह पर पचास साल हो गए हैं, और मुझे लगता है कि हम अभी भी अपनी बेटियों को वही चीजें सिखा रहे हैं जो मुझे बचपन में सिखाई गई थीं। अकेले मत जाओ। पार्क में, स्कूल में, काम पर मत जाओ। किसी भी आदमी के साथ अकेले मत जाओ, चाहे वह आपका चाचा, चचेरा भाई या दोस्त ही क्यों न हो, सुबह या शाम को अकेले न जाएं, और रात में तो बिल्कुल भी न जाएं क्योंकि यह कब का नहीं, कैब का मामला है 'अकेले मत जाओ क्योंकि हो सकता है कि तुम कभी वापस न आओ।यह सुनिश्चित करने का समय आ गया है कि कानूनों को लागू किया जाए और उनका पालन किया जाए, हमें घर तक सीमित रखने के बजाय सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के लिए सुरक्षा उपायों की गारंटी दी जाए। तब तक, मुझे लगता है कि इस देश की महिलाओं के लिए किसी आदमी की तुलना में अंधेरी गली में भूत का सामना करना अधिक सुरक्षित है।

## मेरे लिए बहुत मायने रखती है जन्माष्टमी : देवोलीना भट्टाचार्जी

मुंबई/एजेन्सी

देश भर में इस साल जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वह इस अवसर पर भजन गाएंगी और पूजा करेंगी। देवोलीना भट्टाचार्जी ने कहा, मैं इस जन्माष्टमी पर शूटिंग करूंगी। इस अवसर पर मैं भजन गाऊंगी और पूजा करूंगी। साथ ही भगवान कृष्ण को उनके पसंदीदा मक्खन और मिश्री का भोग भी लगाऊंगी।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे शहर के जन्माष्टमी समारोहों और त्योहारों के माहौल को देखना भी अच्छा लगता है। कृष्ण की मूर्ति के साथ पालना झुलाने की रस्म मुझे उनके और करीब ले जाती है। मैं अपने परिवार और टीम के साथ भगवान कृष्ण के जन्मदिन को श्रद्धा और खुशी के साथ मनाने के लिए



उत्सुक हूं। देवोलीना ने कहा, जन्माष्टमी मेरे लिए बहुत मायने रखती है, क्योंकि मैं बचपन से ही भगवान कृष्ण से जुड़ी हुई महसूस करती रही हूं। मेरे लिए वह सिर्फ एक भगवान नहीं, बल्कि एक उम्र भर के दोस्त भी हैं, जो हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हैं और मेरी रक्षा भी करते हैं। यह पर्व उनके जन्म का जश्न मनाने और उनकी मौजूदगी को और भी अधिक महसूस करने के लिए काफी है।

उन्होंने बताया कि 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू की भूमिका निभाने के दौरान भगवान कृष्ण के साथ एक गहरा जुड़ाव महसूस किया। गोपी का किरदार भगवान कृष्ण को समर्पित है। मैं इस कैरेक्टर को निभाते समय भगवान के और भी करीब आ गई थी। अब छठी मैया की बिटिया की शूटिंग के दौरान उनके साथ संबंधों को और भी गहराई के साथ महसूस किया है।

उन्होंने कहा, कृष्ण की एक शिक्षा जो वास्तव में मेरा मार्गदर्शन करती है। वह यह विश्वास है कि कृष्ण हमेशा आपके लिए मौजूद हैं। मुझे भरोसा है कि कृष्ण मुसीबत या परेशानी के समय में मेरी मदद करेंगे। देवोलीना भट्टाचार्जी ने कहा, इस विश्वास ने मुझे शक्ति और शांति दी है। मैं कभी अकेली नहीं हूं। मुझे उनकी शिक्षाएं यह याद दिलाती हैं कि उनके मार्गदर्शन से सब कुछ ठीक हो जाएगा।

## ट्रोलिंग के बाद आयशा टाकिया ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस आयशा टाकिया एक समय सुपरहिट फिल्मों में नजर आई थीं। सलमान खान के साथ फिल्म 'वांटेड' से उन्हें अटेंशन मिली। इससे पहले उन्होंने 'दिल मांगे मोर', 'टार्जन द वंडर कार', 'डोर', 'पाठशाला' समेत कई फिल्मों में काम किया था लेकिन शादी के बाद आयशा फिल्म इंडस्ट्री से गायब हो गईं। कुछ साल पहले वह प्लास्टिक सर्जरी को लेकर चर्चा में थीं। अब एक बार उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है और इसी के चलते ट्रोल हो रही है। आयशा टाकिया की प्लास्टिक सर्जरी गलत हो गई सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सर्जरी की वजह से उनके चेहरे में काफी बदलाव आ गया है। उनकी आंखें, होंठ, सब कुछ अलग ही दिखता है। उनके सूजे हुए चेहरे को देखकर फैंस दुखी हैं। कल आयशा ने साड़ी



में अपनी फोटो शेयर की थी। इसमें उनका चेहरा बेहद अजीब लग रहा था। इसके बाद वह ट्रोल हो गयी और आखिरकार तंग आकर उन्होंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट ही डिलीट दिया गया है। आयशा आखिरी बार 2011 में फिल्म 'मॉड' में नजर आई थीं। उन्होंने 2009 में फरहान आजमी से शादी की। फरहान आज़मी अबू आज़मी के बेटे हैं। आयशा का एक बेटा भी है। कुछ महीने पहले उन्हें बेटा के साथ एयरपोर्ट पर देखा गया था।

## दिल्ली थिएटर फेस्टिवल के पांचवें सीजन में शबाना आजमी के नाटकों का होगा मंचन

नई दिल्ली/भाषा

दिल्ली थिएटर फेस्टिवल का पांचवां संस्करण 20 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, शबाना आजमी और लिलेट दुबे जैसे रंगमंच और सिनेमा के दिग्गज नाटक प्रस्तुत करेंगे। अल्केमिस्ट लाइव द्वारा आयोजित ये शो दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, कमानी ऑडिटोरियम और ओपी जिंदल ऑडिटोरियम तथा गुरुग्राम के ओराना कन्वेंशन में आयोजित किए जाएंगे। तीन दिवसीय महोत्सव में रंगमंच के कुछ सर्वाधिक प्रसिद्ध नाम कुल सात नाटकों का मंचन करेंगे। रत्ना पाठक शाह और नसीरुद्दीन शाह की 'ओल्ड वर्ल्ड' का मंचन 20-21 सितंबर को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में किया जाएगा।



यह नाटक 22 सितंबर को ओराना कन्वेंशन में प्रदर्शित किया जाएगा। ट्विंकल खन्ना के प्रसिद्ध नाटक 'सलाम नोनी अप्पा' का 21 सितंबर को कमानी ऑडिटोरियम में मंचन होगा। इसमें लिलेट दुबे, यतिन कार्येकर और जयति भाटिया शामिल हैं। मंदिरा बेदी और समीर सोनी की 'एनीथिंग बट लव' का मंचन 20 सितंबर को कमानी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। शबाना आजमी द्वारा 'ब्रोकन इमेजेस' का मंचन 21 सितंबर को ओराना कन्वेंशन में किया जाएगा। रजित कपूर, व्रजेश हिरजी, सुमीत व्यास, सोहराब अर्देशिर, अनु मेनन और शिखा तल्सानिया द्वारा 'वन ऑन वन धमाल' का मंचन 21 सितंबर को ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में किया जाएगा। मेगन मुरे, 2ब्लू, विक्रांत चतुर्वेदी और आसिफ अली बेग अभिनीत 'जया-अ रॉक म्यूजिकल ऑफ द महाभारत' 22 सितंबर को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में लाइव होगा। विनय पाठक और रजत कपूर की व्हाट्स डन इज डन का मंचन 22 सितंबर को ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वीश्री धर्मप्रभाजी व स्नेहप्रभाजी के सान्निध्य में मरुधरकेसरी मिश्रीमलजी एवं लोकमान्य संतश्री रुपचंदजी की जयंती सप्तदिवसीय आध्यात्मिक एवं मानवसेवा के कार्यों' के रूप में जप-तप, दान-पुण्य के कार्यक्रमों के साथ रविवार को गोड़वाड़ भवन में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मनाई गई।





## मैसूरु में दो सौ से अधिक तपस्वियों का किया गया सम्मान

# 'समता तप साधना का प्राणतत्व'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। स्थानीय नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका के पंडाल में आठ से सोलह उपवास तक के दो सौ तपस्वियों के पारणे के अवसर पर आयोजित समारोह में बोलते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीजी ने कहा कि तपस्या के निमित्त होते अनावश्यक व्यय और आडंबरों को रोकना चाहिए। जो उचित व व्यवहारिक हों, वैसा ही उत्सव करना चाहिए। तपस्या के निमित्त एक दूसरे को देखकर बढ़-चढ़कर धनखर्च करना साधना को कलंकित करता है। भगवान महावीरस्वामी की परंपरा अनावश्यक आडंबरों को स्वीकृति नहीं देती। संयमित जीवन तपस्या का सार है। तपस्वी की परीक्षा उपवास में नहीं, तपस्या के बाद की जीवनचर्या में हैं। जो साधक खानपान, रहन-सहन, परिधान, मनोविचार और भोग-उपभोग की मर्यादाएं निर्धारित नहीं करता, वह तपस्या को सार्थक नहीं कर सकता, इसीलिए तप करना सरल नहीं, कठिन साधना है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि समता तप साधना का प्राणतत्व है। जो निष्काम भाव से तपस्या करते हैं, उन्हें प्राचीन आचार्य मुनिसुन्दरसूरीश्वरजी ने पूजनीय कहा है। तपस्वी का सान्निध्य और उसके वचन असरकारक होते हैं। वे चमत्कारों का सृजन कर सकते हैं। भोजन के अभाव में भूखे मरने को भगवान महावीरस्वामी ने तपस्वी नहीं कहा है। जैनशास्त्र कहते हैं कि विविध भोजनसामग्री उपलब्ध होने पर भी जो संकल्प पूर्वक उपवास करता हैं, वह तपस्वी है। आज इक्कीसवीं शताब्दी में भी जैन परंपरा में ऐसी तपस्या की जाती हैं। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि रविवार को लाभार्थी गीता-डॉ मदनलाल चौहान परिवार ने मंगलमय मंत्रोच्चार के साथ आठ से सोलह उपवास के दो सौ तपस्वियों की साधना का पारणा करवाया। अशोक दांतेवाडिया ने बताया कि इस अवसर पर चार हजार से अधिक श्रद्धालु उपस्थित थे। उससे पूर्व साधकों ने चक्रेश्वरी, अंबिका, पद्मावती, कुलदेवी, सरस्वती, महाकाली आदि दैविक शक्तियों की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर सभी तपस्वियों का सम्मान किया गया।







# दीन दुखियों के मसीहा एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र थे मरुधर केसरी: साध्वीश्री धर्मप्रभा

## महापुरुष द्वय के गुणों को याद कर मनाया गया जयंती समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वीश्री धर्मप्रभाजी व स्नेहप्रभाजी के सान्निध्य में मरुधरकेसरी मिश्रीमलजी एवं लोकमान्य संतश्री रुपचंदजी की जयंती सप्तदिवसीय आध्यात्मिक एवं मानवसेवा के कार्यों' के रूप में जप-तप, दान-पुण्य के कार्यक्रमों के साथ रविवार को गोड़वाड़ भवन में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मनाई गई। मरुधर केसरी दरबार का उद्घाटन तगतराज मनोजकुमार बाफना परिवार वालों ने किया एवं ध्वजा के लाभार्थी निर्मलकुमार, जम्बुकुमार-सरलाबाई दुगड़ परिवार ने जैन ध्वज लहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणजीतमल कानूंगा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य लहरसिंह सिरोया, पुखराज मेहता, सम्पतराज मरलेचा, तगतराज बाफना, कुमारपाल सिसोदिया, मीठालाल मकाणा, उत्तमचंद रातड़िया मुथा, रमेशचंद सिसोदिया सहित शहर के अनेक गणमान्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में राजाजीनगर जैन स्थानक में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय उपप्रवर्तक श्री पंकजमुनिजी व डॉ. वरुणमुनिजी, रुपेशमुनिजी, चामराजपेट स्थानक से महासती श्री सत्यप्रभाजी और साध्वी सुप्रभाजी की विशेष उपस्थिति व सान्निध्य रहा।

### अहिंसा के पक्के समर्थक थे संत मिश्रीमलजी व रुपमुनिजी

हनुमंतनगर संघ के अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने आगन्तुकों का स्वागत किया। हनुमंतनगर महिला मंडल ने स्वागत गीत से सभी का स्वागत किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि मरुधर केसरी जी का संपूर्ण जीवन एक जलती हुई मशाल के समान था। एक ऐसी मशाल जो आज भी पूरे संघ और समाज का मार्ग प्रशस्त कर रही है। मरुधरकेसरी एक दृढ़ संकल्पी अटूट विश्वास के धनी, आत्मविश्वास से परिपूर्ण, दीन-दुखियों के हितैषी, जीवदया के प्रबल प्रेरक, संगठन के समर्थक व श्रमण संघ की ढाल थे। उन्होंने श्रमण संघ को एक सूत्र में पिरोने के लिए राजस्थान की धरा पर सात-सात बार साधु-सम्मेलन करवाए। उन्होंने सदैव जोड़ने में विश्वास किया तोड़ने में नहीं। वो वचन सिद्ध योगी थे। उनका मांगलिक भी इतना चमत्कारी था कि भक्तों के सब अटके काम बन जाते थे। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कई स्थानों पर बली के नाम पर होने वाली हिंसा को रुकवाया। गुरुदेव ने पंथ, संप्रदाय और मजहब के भेद-भाव को कभी भी महत्त्व नहीं दिया। गुरुदेव के जीवन रुपी धागे में किसी प्रकार की गाँठ नहीं थी। उन्हें अपने आप में पूरा आकाश व धरती का विश्वास थे। अमीर और गरीब सबके भगवान थे।

### दूर-ष्टा सन्त थे मिश्रीमलजी महाराज

साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने कहा कि मरुधर केसरी जी एक संतरूपी मणिमाला की एक दिव्य मणि, श्रमण संघ की ढ़ाल, श्रमण संघ के महाप्राण, जन-जन के आश्रयदाता, श्रद्धा के केन्द्र, संगठन के अगुवा संत, मानवता के मसीहा, जन-जन के प्रति कल्याण की भावना को दिल में संजोकर रखने वाली पवित्र संत आत्मा थे। वे एक ऐसे संत थे जिनके सर पर कोई ताज न होते हुए भी सभी के सिरताज थे। वे निर्बलों की शक्ति व मानवता की आवाज थे।

उनके जीवन की विशेषता यह थी कि वे किसी संघ व समाज से बंधकर नहीं रहे बल्कि सभी कौम के पूजनीय व आराधनीय थे। वे एक निडर, निर्भीक व स्पष्ट वक्ता थे। उन्होंने निन्दा-अपमान से कभी डरना नहीं सीखा। उनके इरादे वज्र के समान मजबूत थे। उन्होंने समाज में फैली हुई बुराईयों, कुरीतियों व व्यसनों का खुलकर विरोध किया। वे एक दूर-दृष्टा सन्त थे।

### सच्चे मायने में महामानव व महापुरुष थे संतद्वय

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए वरुणमुनिजी ने कहा कि मरुधरकेसरीजी व रूपमुनिजी ने एक ऐसा जीवन जीया कि जो लोगों के लिए एक मिसाल बन गया। उनके लोक-कल्याणकारी भावना से सर्वजगत भलि-भांति परिचित है। उनके संदेश आज भी उनके भक्तों को उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकेत करते हैं। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन संगठन, जीवदया, मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। एक मानव महामानव तभी बनता है जब वो स्वार्थ को त्यागकर परार्थ की और परमार्थ की भावना रखता है। महापुरुष कभी खुद के लिये नहीं बल्कि देश और समाज के लिये जीते है।

उनका नाम इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाता है जो संगठन, प्रेम व मैत्री के लिए जीवन बलिदान कर देते हैं। मरुधर केसरी जी और रूपमुनि जी सच्चे मायने में वे महामानव और महापुरुष थे जिनको दुनिया कई सदियों तक याद करेगी।

साध्वीश्री तरुणशीलाजी ने कहा कि सच्चा सन्त वो होता है जिसमे पास परमार्थ की शक्तियाँ सीधे रूप में होती है जो कभी अहंकार नहीं करते हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन संघ और समाज को समर्पित होता है। साध्वीश्री सुप्रभा जी महाराज ने कहा कि संत का जीवन फूलों की डाली के समान होता है। जो सदैव अपने गुणों की सौरभ संघ और समाज में फैलाते हैं। संत का तो जन्म ही उपकार के लिए होता है। संत के हृदय में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भरपूर भरी होती है।

### हनुमंतनगर संघ ने सभी अतिथियों व लाभार्थियों का किया सम्मान

द्वय महापुरुषों के जयंती एवं पुण्यतिथि प्रसंग पर आयोजित सप्तदिवसीय कार्यक्रमों के सभी लाभार्थी परिवारों का भी संघ की ओर से सम्मान किया गया।

समारोह में शामिल समस्त अतिथियों का हनुमंतनगर संघ ट्रस्ट के पदाधिकारी अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी, मंत्री सुरेश धोका, हुक्मीचंद बाफना, नेमीचंद दक, पारसमल दुगड़, रोशन बाफना, संजय सिंघवी, रमेश गुंदेचा, धनराज खिंवेसरा मुथा, मार्गदर्शक कल्याणसिंह बुरड़, हुक्मीचंद कांकरिया, सज्जनराज लुंकड, उत्तमचंद बोहरा, विनोद सकलेचा, हेमन्त लुंकड़, प्रकाश लोढ़ा, महेन्द्र धारीवाल, के. राजेन्द्र छाजेड़, राजेश बाफना, सज्जनराज रुणवाल, महावीर बोहरा, राजेंद्र छाजेड़ एस. आदि ने सम्मान किया। महिला मंडल से मंजु बुरड़, मंत्री संगीता धोका, युवक मंडल अध्यक्ष शीतल रांका, मंत्री किशोर बाफना और उनकी पूरी युवा टीम ने सभी व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री सुरेशकुमार धोका एवं चेन्नई साहुकारपेट से आए हस्तीमल खटोड़ ने किया।



# भगवान श्रीकृष्ण एक महान कर्मयोगी थे : संतश्री वीरेन्द्रमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय सकल जैन संघ, मंजुनाथनगर-शिवनगर में चातुर्मासर्थ विराजित संतश्री वीरेन्द्रमुनिजी के सान्निध्य में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर वीरेंद्रमुनिजी ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण महाराज कर्मयोगी थे और उन्होंने धर्म की इतनी उत्कृष्ठ दलाली की कि आने वाली चौबीसी में 12वें अमम नाम के तीर्थंकर परमात्मा बनेंगे। यशोदा मैया ने भी उत्तम दोस्ती की मिसाल कायम कर अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर दिया। इस अवसर पर अनेक नन्हें बालक बालिका ने कृष्ण और राधा रानी के वेशभूषा में प्रस्तुति दी। सभी विजेताओं का संघ की ओर से सम्मान किया गया। इस पर अखण्ड बाल ब्रह्मचारी अन्तिम केवली श्रीजंबु कुमार के जीवन पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में गौतम प्रसादी के लाभार्थी अनूपकुमार मेडतवाल एवं रोहितकुमार शर्मा परिवार का संघ की ओर से सम्मान किया गया। संघवी उत्तमचन्द पुष्पदेवी आच्छा परिवार ने पर्वाधिराज पर्युषण में होने वाले सामूहिक एकासना एवं गुरुदेव के केश लोच की बोली का लाभ लिया जिसकी रक़म बच्चों की पढ़ाई के लिए उपयोग की जाएगी। संचालन युवा अध्यक्ष अंकित आच्छा ने किया। यह जानकारी मंत्री राकेश दलाल ने दी ।



# तेयुप विजयनगर को मिला 'सर्वश्रेष्ठ शाखा परिषद्' का पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में सूरत में आयोजित 58वें राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्ष 2023-24 के लिए देश की 362 तेरापंथ युवक परिषद के कार्यों का मूल्यांकन किया गया जिसमें तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर को सर्वश्रेष्ठ शाखा परिषद के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तेयुप विजयनगर को विभिन्न कार्यों के लिए सर्वेश्रेष्ठ शाखा सहित अन्य 12 अवार्डों से से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत, परिषद प्रभारी रोहित कोठारी, अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोखरणा, उपाध्यक्ष विकास बाँठिया, अशोक मारू, मंत्री संजय भटेवरा, सहमंत्री पवन बैद, कमलेश दक, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा, संगठन मंत्री पंकज कोचर, पूर्व अध्यक्ष दिनेश मरोठी, अमित दक, रौनक चौरड़िया आदि सदस्य उपस्थित थे।

# संभवनाथ जैन संघ विजयनगर के चौथी बार अध्यक्ष बने नरेंद्रसिंह सामर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। विजयनगर क्लब रोड स्थित संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ की साधारण सभा में अध्यक्ष नरेंद्रसिंह सामर ने सभी का स्वागत किया तथा मंदिर के भावी कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी।

मंत्री धर्मेंद्र सिरहोया, उपाध्यक्ष रमेश भंडारी, जिनेन्द्र गाँधी, महेंद्र जगानी, दिनेश मोनावत सहित अनेक सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कोषाध्यक्ष सम्पत चौहान ने लेखा जोखा पेश किया।

कार्यक्रम के अंत मे नये अध्यक्ष के चयन हेतु प्रक्रिया की गई। एक बार फिर सर्वसम्मति से नरेंद्रसिंह सामर को क्लब रोड मंदिर संघ के लगातार चौथे कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद पर चयन किया गया।

# स्वास्थ्य व शिक्षा हमारे देश के विकास के दो मूल आधार स्तंभ है : सांसद सीएन मंजूनाथ

## आरवाईए के बुक बैंक प्रोजेक्ट में हजारों विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य पुस्तकें व अन्य सामग्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय राजस्थान यूथ एसोसिएशन (आरवाईए)ने रविवार को पैलेस प्रिंसेस श्राइन सभागार में विभिन्न सरकारी कॉलेज के विद्यार्थियों को अपने 50वें बुक बैंक प्रोजेक्ट के तहत 2500 पाठ्यपुस्तकों और नोटबुक के सेट भेंट किए। कार्यक्रम में 30 से अधिक सरकारी कॉलेजों और चकबल्लापुर, होसकोटे, बिडदी, गौरीबिंदनूर, बंगारपेट आदि



क्षेत्रों से लगभग एक हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। अब तक बुक बैंक परियोजना से 1.5 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय लुंकड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आरवाईए के विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व मात्र पदमश्री मोहनमल चोरड़िया के सहयोग से 51 पुस्तकों के पहले बैच से इस मानवसेवी कार्य का शुभारंभ हुआ, तब से आरवाईएस अब तक लगातार विद्यार्थियों को सहायता प्रदान कर रहा है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बेंगलूरु ग्रामीण के सांसद डॉ सीएन मंजूनाथ, विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने माने सीए पदम खींचा, महावीर अस्पाल के अध्यक्ष मोहनलाल रांका, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नरपतजी सोलंकी आदि उपस्थित थे। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन राजेश शाह, अध्यक्ष संजय लुंकड़, उपाध्यक्ष शांतिलाल कोठारी,बुक बैंक चेयरमैन कमलेश मकाना,मंत्री आनंद नाहर,सहमंत्री कपिल जैन, कोषाध्यक्ष अरिहंत राकेचा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संस्था की ओर से सभी अतिथियों को उनके सामाजिक कार्यों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ सीएन मंजुनाथ ने राजस्थानी समुदाय की मानवसेवा कार्यों को याद करते हुए स्व. शांतिलाल कांकरिया व अन्य दानवीरों को याद किया जिनके सहयोग से उन्होंने जयदेवा अस्पताल में हजारों जरुरतमंद हृदय रोग मरीजों का ईलाज किया। उन्होंने कहा कि इस संसार में कभी भी लेने वाले का सम्मान नहीं होता, हमेशा देने वाले का ही सम्मान होगा है।

उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति पूरे समाज का सहयोग नहीं कर सकता पर यदि सारा समाज एक हो जाए तो हर व्यक्ति का सहयोग किया जा सकता है और इसका सच्चा और जीवंत उदाहरण आज आरवाईए के बुक बैंक कार्यक्रम में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा हमारे देश के विकास के दो मूल आधार स्तंभ है और मुझे खुशी हो रही है कि राजस्थानी समुदाय कर्नाटक में इन दोनों क्षेत्रों में बहुत ही अनुकरणीय कार्य कर रहा है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बुक बैंक प्रोजेक्ट की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बहुत ही व्यवस्थित ढंग से विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की गई।

# तेयुप टीदासरहल्ली को मिला लघु श्रेणी में सेवा के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में सूरत में आयोजित 58वें राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्ष 2023-24 के लिए देश की 362 तेरापंथ युवक परिषद के कार्यों का मूल्यांकन किया गया जिसमें तेरापंथ युवक परिषद टी.दासरहल्ली परिषद को लघु श्रेणी में किए गए सेवा कार्यों के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा इसके अलावा विभिन्न कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभातेयुप राष्ट्रीय सामयिक प्रभारी राकेश दक, तेयुप अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी, तेयुप निवर्तमान अध्यक्ष देवीलाल गांधी, मंत्री शुभम बाबेल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी, प्रचार प्रसार मंत्री निखिल बोहरा, देवेंद्र बाबेल उपस्थित रहे।




Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com